JANUARY to MARCH 2008
YEAR 5th : ISSUE 1st

जनवरी से मार्च 2008
वर्ष पंचम : अंक प्रथम

GYAN PRABHA

(Quarterly)

ज्ञान प्रभा

(त्रैमासिक) 8

सम्पादक मण्डल

सुरेश चन्द्र-प्रबन्ध सम्पादक
डॉ॰ धर्मवीर सेठी-सम्पादक

Editorial Board

Suresh Chandra-Managing Editor
Dr. Dharam Vir Sethi-Editor

मूल्य : 30/- रुपये

वार्षिक मूल्य 100/- रुपये

भारत विकास परिषद् प्रकाशन

इस अंक में...

1.	अपनी बात	ध.व.स	3
2.	भारत विकास परिषद् क्या है?	❑ डॉ॰ प्रकाशवती शर्मा	4
3.	राष्ट्रदेवो भव: एक सिंहावलोकन	❑ देव नारायण भारद्वाज	8
4.	ग्रामीण बैंक: सपना अब अपना है	❑ ईक्षिता	13
5.	माईक्रो क्रेडिट: कांटो भरा सुहाना सफ़र	❑ उमा शंकर मिश्र	16
6.	विशेष आर्थिक ज़ोन: संकल्प एवं समस्यायें	❑ डॉ॰ के. एल. गुप्ता	21
7.	शिक्षकों को आदर्श बनना चाहिए	❑ डा. अब्दुल कलाम	26
8.	चेतना के द्वारपाल हैं प्रश्न	❑ रमेश देव	30
9.	मन की खुराक है हँसी	❑ लाफ्टर मास्टर जितेन कोही	35
10.	गरीबों की सवारी-गरीबों का सहारा-रिक्शा	❑ राजेन्द्र कुमार	38
11.	राष्ट्र जीवन की विसंगतियाँ	❑ विष्णु प्रकाश पांडेय	43
12.	सैकेंड सेक्स का बायोडाटा	❑ अंजु दुआ जैमिनी	46
13.	Democracy Mistaken For Licence	❑ Kuldeep Nayar	50
14.	The Meaning Of Tirtha		52
15.	Are You Jealous?	❑ Dr. Anjanee	57
16.	Stammering is Curable	❑ Dr. Satyendra Shrivastava	59
17.	Perfection is not always good	❑ Suresh Chandra	63
18.	Return of the Native		70
19.	The Global Guru Sri Sri Ravishankar and His Art of Living		72
20.	River Yamuna : Origin, Religious Importance, Water Pollution & Control Measures	❑ Dr. R.D. Gupta	75
21.	Eleven Inspiring Qualities of Leadership		82
22.	Love Dwelleth in Birds Too	❑ C.D. Verma	83
23.	पाठकनामा		86

अपनी बात

ज्ञान प्रभा की आभा की आठवीं किरण लेकर हम आपके समक्ष उपस्थित हैं। वर्ष 2008 के जनवरी माह में प्रकाशित इस अंक से पत्रिका में कुछ नये आयाम जोड़े गये हैं। जैसा कि पूर्व में ही घोषित किया गया था अब यह पत्रिका अर्द्धवार्षिक रूप से प्रकाशित न होकर त्रैमासिक रूप से आपके समक्ष प्रस्तुत हुआ करेगी। अर्द्धवार्षिक पत्रिकाओं का अन्तराल बहुत अधिक रहता है एवं जब तक नया अंक आता है पिछला अंक विस्मृत जैसा हो जाता है। परिणाम स्वरूप तारतम्य टूट जाता है। आशा है अब ऐसा नहीं होगा।

इस अंक से पाठकों के पत्रों का प्रकाशन भी प्रारम्भ किया गया है। हम जो कुछ प्रकाशित कर रहे हैं या नहीं इसका ज्ञान संपादक मंडल को होना आवश्यक है। रचनात्मक आलोचनाओं से परिपूर्ण पत्र हमें आगे भी मिलते रहेंगे ऐसी आशा की जा सकती है।

ज्ञान प्रभा के लिये लेखों का चयन करते समय हम उन्हें तीन श्रेणियों में विभाजित करते हैं। कुछ लेख ऐसे होते हैं जो समाज एवं देश के समक्ष उपस्थित ज्वलंत समस्याओं को स्पर्श करते हैं एवं संतुलित दृष्टिकोण अपनाते हुए उन पर अपनी बेबाक राय प्रकट करते हैं एवं उनका हल ढूंढते हैं। इन लेखों का सामयिक महत्व होता है। कुछ लेख शाश्वत् एवं सार्वभौमिक विषयों पर होते हैं जो कभी भी महत्वहीन नहीं होते। कुछ हल्के फुलके मनोरंजक लेख भी होते हैं।

विशेष आर्थिक क्षेत्र-सेज़ (SEZ)माइक्रो फाइनेन्सिंग एवं ग्रामीण बैंकों पर लेख प्रथम श्रेणी के हैं। नन्दी ग्राम एवं सिंगूर की घटनाओं तथा बंगला देश के बैकर एवं अर्थशास्त्री मुहम्मद यूनुस को मिले नोबेल पुरस्कार ने इन समस्याओं को नये आयाम दिये हैं। साथ ही ज्ञान प्रभा ने समाज के निम्न स्तर पर जीवन व्यतीत कर रहे तबके को भी नहीं भुलाया है अत: रिक्शा वालों की समस्याओं पर गहराई से विचार किया गया है।

राष्ट्रदेवो भव, महिलाओं की समस्याओं पर चुभती हुई शैली वाला लेख, Perfection Is Not Always Good, Qualities of Leadership, Are you Jealous इत्यादि सदैव महत्व रखने वाले विचारों से परिपूर्ण रचनाएँ हैं। हंसने गुदगुदाने वाले विचार एवं कोमलकांत पदावली से युक्त किन्तु ओजस्वी कविता भी इस अंक के भाग हैं।

ज्ञान प्रभा भारत विकास परिषद् का एक प्रकाशन है। अत: परिषद् के विषय में भी इसमें कुछ दिया जाये यह स्वाभाविक है। 'भारत विकास परिषद् क्या है' इस लेख में विदुषी लेखिका ने विकास शब्द की सर्वथा नवीन एवं अद्भुत व्याख्या की है। यह लेख परिषद् के प्रत्येक सदस्य के लिये पठनीय है।

यह अंक नव वर्ष के प्रारम्भ में पाठकों के हाथों में पहुंचेगा। परिषद् परिवार नव संवत्सर को नव वर्ष के रूप में मनाता है किन्तु पहली जनवरी भी विश्व के अनेक देशों में नव वर्ष के रूप में मनाई जाती है।

अत: वैश्वीकरण के इस युग में समस्त पाठकों को नव वर्ष की शुभ कामनाएँ एवं बधाई। ❍

भारत विकास परिषद् क्या है?

❑ डॉ॰ प्रकाशवती शर्मा

भारत विकास परिषद् क्या है? अक्सर इस प्रश्न का उत्तर देते समय कि मैं आजकल क्या कर रही हूँ, मुझे इस प्रश्न से भी रूबरू होना पड़ता है। और उत्तर में यह कहना कि भारत विकास परिषद् एक गैर सरकारी संस्था (N.G.O) है, परिषद् के बारे में कोई सार्थक उत्तर प्रतीत नहीं होता। कम से कम मुझे। प्रश्न पूछने वाला भी शायद इस उत्तर से संतुष्ट नहीं होता। तो भी कुछ और जिज्ञासा उसके मन में उस उत्तर के बाद उठती दिखाई नहीं देती। किन्तु मुझ में अवश्य यह एक छटपटाहट है, कुछ और कहने की अकुलाहट छोड़ जाता है, और मैं अपने आप से ही समझने की चेष्टा करने लगती हूँ कि भारत विकास परिषद् क्या है?

तीन शब्दों से मिल कर बना यह नाम अपने आप में पूरा दर्शन समेटे है। **भारत**, जैसा कि नाम से ही विदित होता है मात्र कोई भूगोल नहीं है, यह मात्र पृथ्वी का टुकड़ा नहीं है, सागर और पर्वत श्रृंखलाओं का योग मात्र नहीं है। यह कुछ सहस्राब्दियों का इतिहास मात्र भी नहीं है। यह लक्ष्योन्मुखी तथा प्रक्रियोन्मुखी शब्द है। इस शब्द से ही पता लगता है कि यह मूल्यों की समष्टि की ओर निरन्तर अग्रसर होने का नाम है। और इस समष्टि में 'भा' अर्थात् 'प्रकाश' में 'रत' रहने वाला 'भारत' है। जो निरन्तर ज्ञान की साधना में रत रहता है वही भारत है। प्रकाश ज्ञान का बोधक है और अंधकार अज्ञान का। इसी लिये मैंने कहा कि इस शब्द में उद्देश्य और क्रिया दोनों अन्तर्हित हैं। फिर प्रश्न उठता है ज्ञान क्या है? क्या कुछ जानकारियों को एकत्रित कर उन्हें कण्ठस्थ कर कुछ डिग्रियाँ प्राप्त करने का नाम ज्ञान है? अथवा धनोपार्जन की क्षमता को अधिक से अधिक प्राप्त करने का नाम ज्ञान है? अथवा भौतिकी के कुछ नियमों की जानकारी ज्ञान है, अथवा कुछ प्रकल्पनाओं के आधार पर मानव मस्तिष्क की तर्क शक्ति के विशद खेल का नाम ज्ञान है। संक्षेप में कहें तो भौतिकी, रसायन एवं गणित की जानकारी का नाम ज्ञान है। पूरा विश्व अस्मरणीय काल से लगा हुआ है मानवशरीर की रचना एवं

उसमें उत्पन्न होने वाले विकारों की जानकारी एवं उनका निदान ढूँढ़ने में। किन्तु जैसे-जैसे ढूँढ़ते जाते हैं वैसे-वैसे पहेली और उलझती जाती है। आप कहेंगे भारत विकास परिषद् क्या है? इसे समझाने की बात करते-करते मैं इतना विषयान्तर क्यों कर रही हूँ किन्तु वस्तुतः यह इस प्रश्न के उत्तर का केन्द्र है। भारतीय मनीषा ने इन सभी विद्याओं को अप्रमा की श्रेणी में रखा है।

भारतीय चिन्तन परम्परा यहां भी पाश्चात्य परम्परा से भिन्नता रखती है। भारतीय चिन्तन में ज्ञान के भी दो भेद किये हैं: प्रमा एवं अप्रमा। निश्चित एवं यथार्थ ज्ञान को प्रमा कहते हैं। गणितीय ज्ञान में निश्चितता होती है किन्तु यथार्थता नहीं। अतः वह प्रमा नहीं है। दूसरी ओर प्राकृतिक विज्ञानों में यथार्थता एक सीमा तक होती है किन्तु निश्चितता नहीं होती। संशय, स्मृति, तर्क एवं भ्रम ये चारों अप्रमा (मिथ्या ज्ञान) की श्रेणी के अन्तर्गत रखे गये हैं।

अतः हमारी चिन्तन परम्परा में आत्मतत्व के ज्ञान को ही प्रमा की संज्ञा दी गई है। बाह्य जगत का ज्ञान व्यक्ति को अपने स्वत्व को समझने में सहायक नहीं होता। आत्मज्ञान ऐसा ज्ञान है जिसे जानने के बाद कुछ भी जानना शेष नहीं रहता। यह सत् है अर्थात्, चित् है अर्थात् चैतन्य तथा पूर्ण आनन्द स्वरूप है। जिसे जानने के बाद दुःखों से आत्यंतिक एवं एकांतिक निवृत्ति हो जाती है अर्थात् सदा के लिये और निश्चित् रूप से दुःखों से मुक्ति हो जाती है। यही परम पुरुषार्थ है। सांख्य दर्शन ने मोक्ष को इसी रूप में परिभाषित किया है इसी लिये अपने यहाँ कहा गया है, 'सा विद्या या विमुक्तये' विद्या या ज्ञान वह है जो आप को सभी बंधनों से, क्षुद्र स्वार्थ की सीमाओं से, दुःख और शोक से मुक्त कर दे।

इस ज्ञान की साधना में रत है भारत।

ऐसे भारत की **विकास** की बात भारत के परिप्रेक्ष्य में ही हो सकती है। हम पश्चिम से उधार लिये हुए विकास के मॉडल की नकल नहीं कर सकते। हमारे लिये विकास का तात्पर्य भौतिक समृद्धि अथवा भौतिक सुख सुविधाओं की विपुलता नहीं है। यह सच है कि हमारे अस्तित्व की सब से बाहरी परत भौतिक शरीर है, जो बुद्धि, मन तथा इन्द्रिय युक्त है। किन्तु हमारे लिये यह शरीर साधन मूल्य रखता है स्वयं साध्य नहीं है। इसी संदर्भ में शंकराचार्य का

एक श्लोक स्मरणीय है:

'पूजा ते विषयोपमोग रचना, निद्रा समाधि स्थितिः।
संचारः पदयो प्रदक्षिण विधि, स्तोत्राणि सर्वा गिरो॥
यद्यत् कर्म करौमि तत्तदखिलम्, शम्भौ तवाराधनम्'

''अर्थात् इन्द्रियों द्वारा विषयों का उपभोग भी ऐसा हो मानो वह तुम्हारी ही पूजा है, निद्रा की स्थिति भी तन्द्रा या आलस्य वाली नहीं अपितु समाधि जैसी हो और पद संचलन तुम्हारी प्रदक्षिणा जैसा हो। हे शम्भो मैं जो भी कर्म करूँ वह तुम्हारी आराधना पूजा जैसा हो।'' कर्म योग की चरम परिणति है। यह और यही हमारे विकास की अवधारणा का चरम लक्ष्य है, यही विकास का भारतीय मॉडल है जहाँ न तो बुद्धि विलास स्वयं साध्य है, न मन और इन्द्रियों की बेलगाम इच्छाओं की शरीर के माध्यम से तृप्ति लक्ष्य है अपितु ये सभी अनुशासित, संयमित हों, आत्मज्ञान की ओर निरन्तर अग्रसित हों ऐसा मनुष्य ही विश्व की समस्त समस्याओं का निदान है।

विकास का यह मॉडल मनुष्य को शेष पशु जगत से पृथक करता है। सम्पूर्ण सृष्टि में मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है जिसमें प्रकृति का अतिक्रमण करने की सामर्थ्य है और इसी लिये उसे मूल्यों के जगत का सृष्टा कहा है और इसी अर्थ में वह स्वतंत्र है अर्थात् वह किसी तंत्र (System) से बंधा नहीं है। वह अपने आप अपना तंत्र हैं। पशु भूख लगने पर, भोजन सामने आते ही उस पर टूट पड़ता है फिर चाहे उसे कितना ही प्रशिक्षित क्यों न किया गया हो। दूसरी ओर भूख न होने पर अथवा रुग्ण होने पर वह कभी भी भोजन की ओर अभिमुख नहीं होता। इसके विपरीत मनुष्य भूख लगने पर भी उपवास रखने का निश्चय कर सकता है तो दूसरी ओर बीमार होने पर भी, भूखा न होने पर भी, सुस्वादु भोजन से लालायित हो भोजन कर सकता है यह सोच कर कि चलो कोई पाचक चूर्ण खा लेंगे। और इसीलिये वह स्वतंत्र है। वह पशु से नीचे गिर सकता है तो देवत्व ही नहीं ईश्वरत्व को भी प्राप्त कर यदि सकता है। परिषद् इसी देव-मानव के निर्माण की प्रक्रिया में रत है। ऐसे मनुष्य की जो 'सर्व हिताय लोक हिताय' समर्पित हो, दूसरे की पीर जिसकी आंखों को नम कर दे। **स्वार्थ से परार्थ और फिर परमार्थ तक की यात्रा का नाम विकास** है। यही हमारी पहचान है विश्व में, जिसके लिये भारत

जाना जाता है। अपनी गरीबी, अपनी बेरोज़गारी, अपनी अशिक्षा सबके बावजूद आज भी भारत का जन इसी आदर्श को सर्वोपरि मानता है। इस भारतीय चेतना को फिर से रेखांकित करना, गति देना, इसे विश्व के हर कोने तक पहुंचाना जिस से यह सृष्टि मनोरम बनी रहे, भारत विकास परिषद् का एजेंडा है।

राम और कृष्ण की, बुद्ध और महावीर की, पातंजलि और कणाद की, शंकराचार्य और रामानुज की, रामकृष्ण और विवेकानन्द की एवं दयानन्द की यह पुण्य श्रृंखला अनवरत आगे बढ़ती रहेगी यह हमारा विश्वास और आस्था दोनों ही है। अस्मिता की इसी तीर्थ-यात्रा का नाम भारत विकास परिषद् है और आप और हम इस यात्रा के सहयात्री हैं। रवीन्द्र नाथ ठाकुर ने एक स्थान पर कहा है :

'अपना प्रश्न पत्र भिन्न है अतः उत्तर भी भिन्न होगा। जीवन और जगत को देखने का हमारा नज़रिया भिन्न है और इसीलिये हमारी समस्या दूसरी है, दूसरी ही नहीं व्यापक भी है। अतः निश्चय ही समाधान भी हमारी माटी की गन्ध से ही मिलेंगे और वे समाधान हमारी पहचान होंगे। यदि उन्हें छोड़ दिया तो हम भी यूनान और ग्रीस की तरह पृथ्वी के नक्शे पर गुमनाम हो जायेंगे। आइये हम सब मिल कर प्रभु से प्रार्थना करें कि वह हमें शक्ति दे,भक्ति और समर्पण का भाव दे।' ●

– लेखिका भारत विकास परिषद् की उपाध्यक्ष
एवं संघ लोक सेवा आयोग की पूर्व सदस्या हैं।

WISDOM

- To know when be generous and when firm-that is wisdom.
- We are wise not by the recollection of our past, but by the responsibility for our future.
- Science is organized knowledge, wisdom is organised life.
- Besides the noble art of getting things done, there is the noble art of leaving things undone. The wisdom of life consists in the elimination of non essential.

''राष्ट्रदेवो भव'': एक सिंहावलोकन

❑ देव नारायण भारद्वाज

ज्ञान प्रभा का उदयाचल : हिन्दुस्तान, इन्डिया, भारत व आर्यावर्त जम्बू के एक ही भूभाग के विभिन्न नाम हैं, जो नाम के अनुसार अपने अभिलक्षणों का व्याख्यान करते हैं। हिमालय के 'हि' से आरम्भ कर कन्या कुमारी स्थित विन्दुसरोवर के 'न्दु' तक विस्तीर्ण स्थान ही हिन्दुस्थान है, जिससे इसके विस्तार का पता चलता है। हिमालय पर्वत शृंखला तिब्बत के दक्षिण में अर्द्धचन्द्र वलयाकार है। यह चन्द्रमा का वलय-विस्तार दक्षिण भारत तक बढ़ता दिखाई देता है। इसीलिए चीनी यात्री ह्यूनसांग ने इस भूभाग को इन्दु (चन्द्रमा) कहा जो इन्दिया से इन्डिया बन गया। यह है इस भूप्रदेश की आकर्षक रूपाकृति। भारत (भा+रत) प्रकाश में सतत् संलग्न रहने के कारण ही इस धरती की ज्ञान प्रसारकगुण गरिमा है। यास्काचार्य के अनुसार आर्य ईश्वर पुत्रः अर्थात प्रभु गुण व्रतधारी सर्व प्रथम श्रेष्ठ आस्तिक मानवीय सन्तानों से आच्छादित भूमि आर्यावर्त, जो यहाँ के निवासियों की तेजस्विता को प्रकट करती है। 'सा प्रथमा संस्कृति विश्ववारा' (यजु. 7.14) अर्थात् इसकी ही संस्कृति सबसे प्रथम संस्कृति है। जिसकी विद्या सुशिक्षा जनित नीति व व्यवहार पद्धति सम्पूर्ण विश्व के द्वारा वरण की गई। इस प्रकार आप ने देखा कि भारत मात्र मृत्तिका पिण्ड नहीं अपितु साक्षात राष्ट्रदेव है जिसने संसार को जीवन कला व विज्ञान प्रदान किया है।

छः दिशायें होती हैं। पूर्व, दक्षिण, पश्चिम, उत्तर, नीचे और ऊपर की दिशायें। अथर्ववेद तक में इन दिशाओं के अधिपति एवं रक्षक देवताओं का नामोल्लेख किया गया है जो क्रमशः अग्नि एवं आदित्य, इन्द्र एवं पितर, वरुण एवं अन्न, सोम एवं शनि, विष्णु एवं वनस्पति, तथा बृहस्पति एवं वृष्टि हैं। इनसे ही व्यक्ति एवं राष्ट्र को ज्ञान, ऐश्वर्य प्राणपोषण,सौम्य ऊर्जा, व्यापक हरीतिमा, तथा रसमयी महनीयता प्राप्त होती है। राष्ट्र में अनिच्छा या संयोग से उत्पन्न जनता नहीं, प्रत्युत पूर्ण कामना एवं प्रकृष्टता के साथ जन्म लेने

वाली प्रजा रहती है। सभी ओर हों जिसमें देव वही हमारा भारत राष्ट्रदेव है।

देवताओं की गोद हेभूमि 'वन्देमातरम्': जहाँ के निवासियों की धारणा है। माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्या (अथर्व 12.1.12): यह भूमि मेरी माता और मैं इस पृथ्वी का पुत्र हूँ। विश्वम्भरा, वसुधानी प्रतिष्ठा, हिरण्यवक्षा जगतो निवेशनी (अथर्व 12.1.6) के अनुसार हमारी राष्ट्र वसुन्धरा हमारे लिए सर्वस्व सम्भरणकर्त्री धनधान्य सर्व वस्तुओं की दात्री, स्वर्णवक्षी गतिशील जगत में सुरम्य निवास प्रदायिनी तथा मान प्रतिष्ठा अर्जन करने वाली है। 'भूम्मै पर्जन्य पत्न्यै नमोऽस्तु वर्षमेदसे' (अथर्व 12.1.42) अर्थात् पोषण रस पूरिपूर्ण मेघमाल की पत्नी जीवन रस वर्षण से संतृप्त है।

जिधर जाये दृष्टि पायें उधर देवों की सृष्टि : भारत भूमि में सर्वत्र 'मातृ देवोभव' 'पितृदेवोभव 'अचार्य देवोभव' 'अतिथि देवोभव' (तैत्तिरीयोपनिषद) के परस्पर सम्बोधन सुनाई देते हैं। यहाँ हर कोई किसी एक दूसरे का सम्बन्धी है। सभी अपने हैं कोई पराया नहीं है। यहाँ हर कोई किसी से कुछ लेता है और किसी को कुछ देता है। यहाँ आदान-प्रदान का विधान है जो परिग्रह को छोड़ता व अनुग्रह को जोड़ता है। यहाँ 'कृण्वन्तो विश्वमार्यम् (ऋ. 9.63.5) 'स्वयं श्रेष्ठ बनो और सब को श्रेष्ठ बनाओ' का उद्घोष गुँजरित होता है जिसे सुनकर देश-देशान्तर वासी बिना किसी भेदभाव के यहाँ अध्यात्म् दर्शन, योग ही नहीं विज्ञान के सूत्र भी समझने आते हैं। यहाँ की जननी धरणी से भारी एवं हर जनक आकाश से महान होता है।

सिंहावलोकनकारी सिंहासन के अधिकारी - 'यथा राजा तथा प्रजा' के अनुसार राष्ट्र की प्रजा अपने राजा को नायक ही नहीं गणपति विनायक के रूप में अनुकरणीय आदर्श मानकर चलती है। वही तो प्रजा का राजा है। राजा ही विष्णु का रूप नहीं होता है प्रजा में भी पंच परमेश्वर वास करते हैं। इसीलिये तो राम, कृष्ण, राणा प्रताप, शिवाजी, गुरु गोविन्द सिंह ही नहीं और भी अनेक राजाओं को प्रजा ने शासक के साथ-साथ अपने देवता व भगवान की मान्यता दी है। क्योंकि 'ब्रह्मचर्येण तपसा राजा राष्ट्र विरक्षति' (अथर्व 11. 5.17) इन्द्रिय निग्रह ज्ञान पूर्वक हर पीड़ा को सहन कर राजा राष्ट्र की विशेष रक्षा करता है। राजा ही नहीं प्रजा भी राष्ट्र रक्षण एवं संवर्द्धन को विहंगम दृष्टि से देखती व छोड़ती नहीं चली जाती है, वह इसके लिए उंग्रपश्या (सिंहावलोकनकारी) गहन दृष्टि से चिन्तन व सर्वतोमुखी कार्यान्वयन करती

है, राष्ट्र व राष्ट्रपति की रक्षा करती है।

राष्ट्रदेव के वासी सब उपासना अभ्यासी - अपने राष्ट्र को जब देवता मानकर चला जाता है तो कोई भी इसका विनाशक नहीं उपासक ही होता है। यहाँ का हर नागरिक वसु होता है, जो स्वयं सम्यक् रूप से वसना अर्थात रहना एवं व्यवहार करना जानता है। उसे उजाड़ना पसन्द नहीं है, और वह उजाड़ने वालों को सहन भी नहीं करता है। इसीलिये राष्ट्र के प्रत्येक बाल युवा को चौबीस वर्ष की आयु तक इन्द्रिय निग्रह व तप पूर्वक विद्या का उपयोगी पाठ पढ़ाया जाता है। इन्हीं में से निकलते हैं वे युवा जो वसु वृन्द से डेढ़ गुनी आयु तक नियम संयम पूर्वक विद्या का क्रियात्मक अभ्यास करते हैं, और रुद्र संज्ञा प्राप्त करते हैं। इन्हीं रुद्रगण में से छंट कर कतिपय वे तेजोमय तरुण प्रस्तुत होते हैं जो पचास वर्ष की आयु तक त्याग तपस्या एवं साधना पूर्वक राष्ट्रदेव के उत्थान के लिए विद्या विज्ञान के विविध अनुसंधान करके उन्हें व्यावहारिक रूप प्रदान करते हैं। इन्हें आदित्य संज्ञा से अलंकृत किया जाता है। वसु बनकर ही प्रत्येक कुमार को विवाह करके गृह आश्रम में प्रवेश करने का अधिकार मिलता है। यह वैदिक संस्कृति ही है जो प्रत्येक कुमार या कुमारी कन्या को विवाह के समय सम्राट एवं सम्राज्ञी का न केवल स्वरूप ही प्रदान करती है, प्रत्युत तदनुरूप साजसज्जा एवं शृंगार का अवसर भी प्रदान करती है। इससे भी बढ़कर विवाह मण्डप में इन्हें विष्णु-लक्ष्मी के रूप में पूजित व सम्मानित भी किया जाता है। सफलता पूर्वक जीवन के **निर्वहन हेतु इन्हें विवाह के तीन उद्देश्य समझाये जाते हैं जो धर्म प्रवृति, सुयोग्य सन्तति तथा संयमित रति हैं। सात फेरों से पहले वर कन्या जो यज्ञ करते हैं उनमें प्रमुख होता है राष्ट्रभृत यज्ञ जिसे वर वधु राष्ट्र को ध्वंस से बचाकर उसके संभरण में सहायक होते है।**

पंचसकार प्रेरणास्रोत

1. **सम्पर्क - अग्नि** - चाहे कोई अग्नि के निकट आये, या अग्नि उसके निकट आये, दोनों दशाओं में वह अग्नि स्वरूप बन जाता है।
2. **सहयोग - सूर्य** - सूर्योदय की प्रथम किरण भू के सम्पर्क में आते ही समस्त प्राणी व प्रकृति परस्पर सामंजस्य से क्रियाशील हो उठती है।
3. **संस्कार - चन्द्रमा** - चन्द्रमा की सोलह कलाओं की भाँति सोलह संस्कारों द्वारा सुंसस्कृत मनुष्य द्वितीया समान नन्हा बालक पूर्णिमा समान महापुरुष बन जाता है।
4. **सेवा - वायु** - मरुत प्राणों के संकटग्रस्त होने पर वायु का एक झोंका जीवन दान करता है। वैसे ही आपदाग्रस्त की सेवा से व्यक्ति मारुति नन्दन महावीर सा पूज्य होता है।
5. **समर्पण - यज्ञ** - मन्त्र आहुतियों के 'इदन्न' मम एवं 'स्वाहा' के उद्घोष व्यक्ति व राष्ट्र कल्याणार्थ ही त्याग, समर्पण एवं बलिदान के भाव जगाते हैं।

सर्वमान्य हे राष्ट्र देव! अभिनन्दन - जो वेदमान्य है वह सर्वमान्य है। यजुर्वेद अध्याय 22 के मन्त्र सं. 22 में जो राष्ट्र की वन्दना की गयी है वह अद्वितीय है। इसका कथ्य है कि विद्वानों को ईश्वर की प्रार्थना सहित ऐसा अनुष्ठान करना चाहिए कि जिससे राष्ट्र में पूर्ण विद्या वाले शूरवीर मनुष्य तथा वैसे ही गुण वाली नारियाँ, सुख देने वाले शक्ति प्रदायक पशु, दुधारू गौयें, सम्य यजमान युवक, इच्छित वर्षा, मिष्ट सुगन्धित फल फूलों से युक्त अन्न औषधि व वनस्पति हों और सर्वत्र योग क्षेम कामनायें पूर्ण हों।

यजुर्वेद का यज्ञ कर्म व्याख्या ग्रन्थ शतपथ ब्राह्मण यज्ञ को विष्णु एवं विष्णु को राष्ट्र की उपमा प्रदान करते हुए व्यक्त करता है 'राष्ट्र वै अश्वमेध':, अर्थात् धरती एवं धरती पुत्रों की शक्ति सम्पन्नता के लिए राष्ट्र स्वयं एक अश्वमेघ यज्ञ है। विष्णु राष्ट्र की चारों दिशाओं में फैली हुई चारों भुजाओं के शंख, चक्र, गदा व पद्म क्रमशः ज्ञानघोष, पुरुषार्थी, गति गम्यता, रक्षक अस्त्र-शस्त्र एवं सुखद विकास के परिचायक हैं। भारत विष्णु की दिशा दिशान्तर में उठी हुई भुजायें प्रहार के लिये नहीं संसार के शृंगार के लिए हैं। इसीलिये तो मनु महाराज की व्यवस्थानुसार आर्यावर्त भारत के अग्रजन्मा मनीषियों से संसार के मनुष्य अपने-अपने योग्य विद्या एवं चरित्रों की शिक्षा प्राप्त करते थे।

राष्ट्रदेव और दानव - जिस प्रकार अन्धकार एवं प्रकाश, रात्रि एवं दिवस तथा विनाश एवं विकास सृष्टि की सनातन परम्परा हैं, उसी प्रकार किंचित उदासीनता एवं असावधानता जनित स्थितियों से राष्ट्र देव समूहों में प्रकट या प्रच्छन्न दानव दल खड़े हो जाते हैं, जो शिष्टाचार को भ्रष्टाचार, प्रेम को घृणा तथा निर्माण को ध्वंस में बदलने का युद्ध छेड़ देते हैं। अल्प होते हुए भी बुराई उसी प्रकार अच्छाई पर भारी पड़ती प्रतीत होती है, जिस प्रकार

एक लीटर पानी को एक चम्मच शक्कर मीठा शर्बत तो नहीं बना पाती है, किन्तु एक चम्मच लवण उसे खारी अवश्य कर देता है। बृहद् इतिहास साक्षी है कि इस देवासुर संग्राम में 'असतो मा सदगमय, तमसो मा ज्योतिर्गमय, मृत्योर्माऽमृतमगमय' का उत्साहवर्द्धक शतपथ गान करने वाले राष्ट्रदेव ही विजयी होते हैं। भारत विकास में ही विश्व का प्रकाश निहित है।

जय भारत वन्देमातरम्। ●

– **'वरेण्यं'** एम.आई.जी. खण्ड संख्या-45,
अवन्तिका कालोनी (ए.डी.ए.) रामघाट मार्ग, अलीगढ़

दीवार

दीवार जड़ होती है,
कठोर होती है।
और ठोस भी
पर मैंने देखी है,
चलती-फिरती एक
और दीवार अपने घर में
मेरी माँ
जो मुझे इस दौड़ती भागती दुनिया के
थपेड़ों से बचाती है।
अपने आँचल की छाँव में
सुरक्षित रखती है
और तैयार करती है मुझे
दुनिया के समर में कूदने के लिए।
और मैं गौरवान्वित होती हूँ कि मेरे
पास भी एक दीवार है,
माँ के आँचल की।

-सुषमा

ग्रामीण बैंक : सपना अब अपना है

❑ ईक्षिता

द्वितीय विश्वयुद्ध की समाप्ति के बाद विश्वपटल पर अनेक विकासशील देशों का उदय हुआ। लम्बे औपनिवेशिक शोषण की वजह से इन देशों में गरीबी, निरक्षरता, बेरोज़गारी, पिछड़ापन आदि की गंभीर समस्याऐं थीं। इन समस्याओं के समाधान हेतु अनेक पाश्चात्य मॉडल अपनाए गये। किंतु इन देशों की गरीबी का निवारण नहीं हुआ उल्टे ये देश विश्व बैंक एवं अन्य विकसित देशों के ऋण जाल में फंसते गए।

विकासशील देशों में गरीबी उन्मूलन हेतु बांग्लादेश के अर्थशास्त्री मोहम्मद यूनुस ने सूक्ष्म वित्तयन (माइक्रो फाइनेंस) की अवधारणा दी। सूक्ष्म वित्तयन प्रदान करने के लिए उन्होंने ग्रामीण बैंक स्थापना की। यह बैंक गरीबों को बिना गारंटी के सूक्ष्म ऋण (माइक्रो क्रेडिट) उपलब्ध कराता है। यह मूलत: इस धारणा पर कार्य करता है कि जिन निर्धनों के पास व्यापारिक कौशल, श्रम करने की क्षमता एवं अपना जीवन स्तर सुधारने की इच्छा होती है किंतु वे लोग पर्याप्त पूंजी के अभाव में अपना जीवन स्तर सुधारने में विफल रहते हैं उन्हें बिना गिरवी के भी कर्ज़ दिया जा सकता है। ग्रामीण बैंक सूक्ष्म वित्तयन के अतिरिक्त अन्य वित्तीय सेवाओं जैसे-बचत स्वीकारने, विकास परियोजनाओं का संचालन करने (जिसमें जूट, टेलीफ़ोन एवं ऊर्जा कम्पनी सम्मिलित हैं) से भी जुड़ा है। ग्रामीण बैंक ने निर्धनों के जीवन में प्रभावी ढंग से सुधार किया है। गरीबों के उत्थान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए ग्रामीण बैंक और मो. यूनुस को वर्ष 2006 का शांति नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया है।

मो. यूनुस ने अमेरिका के वेंडरबिल्ट विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में डाक्टरेट की उपाधि प्राप्त की है। सन् 1974 में बांग्लादेश में पड़े भीषण अकाल ने इन्हें आंदोलित कर दिया। तब इस अकाल से प्रभावित 42 परिवारों

को इनके द्वारा 27 डालर का चिंतामुक्त ऋण प्रदान किया गया। यह 'अल्प ऋण योजना' एक प्रयोग मात्र थी जो सफल रही। इन परिवारों ने छोटी-छोटी विक्रय योग्य सामग्रियां तैयार करके बेचीं। आलोचनाओं एवं आशंकाओं के बावजूद मो. यूनुस इस बात पर दृढ़ता से विश्वास करते रहे कि बड़े पैमाने पर चिंतामुक्त ऋण प्रदान करके बांग्लादेश से ग्रामीणों की गरीबी समाप्त की जा सकती है।

ग्रामीण बैंक वास्तव में एक संयुक्त शोध परियोजना के रूप में प्रारंभ किया गया था। प्रो. यूनुस एवं चिटगांव विश्वविद्यालय द्वारा 1976 में ग्रामीण निर्धनों को बिना गारंटी के ऋण देने का प्रायोगिक शोध प्रारंभ हुआ। शुरू में इस योजना में जोबरा एवं निकटवर्ती गांवों को सम्मिलित किया गया। ग्रामीण बैंक को अप्रत्याशित सफलता मिलने पर इसे बांग्लादेश सरकार के समर्थन से अन्य क्षेत्रों में भी फैलाया गया। 1983 में कानून पारित करके ग्रामीण बैंक को एक स्वतंत्र बैंक के रूप में मान्यता दे दी गई।

ग्रामीण बैंक का मुख्यालाय ढाका में है। इसकी दो हज़ार से अधिक शाखाएं पूरे बांग्लादेश में ग्रामीण निर्धनों को सूक्ष्म ऋण उपलब्ध कराती हैं। इसकी सफलता ने पूरे विश्व में अनेक समरूप योजनाओं को प्रेरित किया है।

ग्रामीण बैंक द्वारा उपलब्ध कराया गया ऋण निर्धनों के समूह (जिसमें पांच लोग होते हैं) को दिया जाने वाला 'अल्पमात्रा ऋण' होता है। ऋण प्राप्तकर्ता समूह को 'स्वयं सहायता समूह' कहते हैं। इसको प्रदान किया जाने वाला ऋण बिना गारंटी के आसान शर्तो पर किसी ऐसी व्यापारिक परियोजना के लिए दिया जाता है, जिसमें स्थानीय संसाधनों का प्रयोग करके माल तैयार होता हो और स्थानीय बाज़ार में ही खपा दिया जाता हो। इस परियोजना की लागत का कुछ अंश स्वयं सहायता समूह खुद एकत्र करता हैं शेष राशि बैंक द्वारा उपलब्ध करा दी जाती है। समूह के प्रत्येक सदस्य पर ऋण वापस करने का निश्चित् दायित्व होता है जो उसके अंशदान एवं लाभ के अनुपात में होता है। यदि समूह का एक भी सदस्य ऋण भुगतान करने में विफल रहता है तो पूरे समूह को ऋण की अगली किश्त के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाता हैं। यहां उल्लेखनीय है कि स्वयं सहायता समूह को ऋण राशि अनेक चरणों में प्रदान की जाती है। प्रतिमाह समूह ऋण के कुछ हिस्से का भुगतान करता है तथा उसे बैंक से ऋण की अगली किश्त मिलती जाती है।

इन ग्रामीण बैंकों ने महिला सशक्तिकरण में उल्लेखनीय योगदान किया है। कुल 97 प्रतिशत ऋण महिलाओं को दिया गया है। अनुभव के आधार पर देखा गया है कि पुरुषों की अपेक्षा महिलाएं ऋण वापस करने और पूंजी राशि का बेहतर उपयोग करने में आगे हैं। ग्रामीण बैंक की सर्वाधिक उल्लेखनीय सफलता इसकी उच्च भुगतान वापसी दर है। ग्रामीण बैंक, जो बिना किसी भुगतान गारंटी के ऋण देता है उसकी 97 प्रतिशत से अधिक राशि वापस आ जाती है। जबकि बड़े बैंक जो गारंटीशुदा ऋण देते हैं मात्र 88 प्रतिशत राशि ही वापस पाते हैं। ग्रामीण बैंक ने बांग्लादेश के लगभग पांच करोड़ निर्धनों को निर्धनता से मुक्त कराया है। इन निर्धनों की न केवल आय बढ़ी है वरन् उनका पूरा जीवन स्तर भी बेहतर हुआ है। इनके सभी बच्चे स्कूल जाते हैं। परिवार के सभी सदस्य प्रतिदिन कम से कम तीन बार भोजन करते हैं। इनके पास बरसात से बचने लायक मकान है। वे कम से कम 300 टका प्रति सप्ताह ऋण पुनर्अदायगी की क्षमता रखते हैं। ग्रामीण बैंक के दो दर्जन से अधिक व्यावसायिक प्रतिष्ठान हैं। यह संचार, फ़ोन, ऊर्जा, शिक्षा, स्वास्थ्य, कपड़ा व्यापार आदि क्षेत्रों में व्यावसायिक गतिविधियां चलाता है। यह ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब प्रबंधन व मत्स्य पालन में भी सक्रिय है।

ग्रामीण बैंक का 'संघर्षशील सदस्य कार्यक्रम' भी एक उल्लेखनीय तथ्य है। इसमें भिखारियों को लगभग सौ टका का ब्याज मुक्त ऋण अत्यंत उदार शर्तों पर दिया जाता है। ऋणी को नि:शुल्क जीवन बीमा भी उपलब्ध कराया जाता है। भिखारी को भिक्षाटन छोड़ने को नहीं कहा जाता है एवं उसे छोटे-मोटे व्यापार को गंभीरता से चलाने की प्रेरणा दी जाती है। आगे उन्हें प्रशिक्षण भी दिया जाता है। वर्ष 2005 तक पैंतालीस हज़ार भिखारियों को 2 करोड़ 80 लाख टका का ऋण दिया जा चुका था। भारत में भी इस योजना का प्रतिरूप अपना कर भिखारियों का जीवन स्तर सुधारा जा सकता है। एशियाई देशों में फैली गरीबी की समस्या से निजात पाने का यह ग्रामीण बैंक ज़मीनी रूप है।

भारत को इस दिशा में अभी अधिक गंभीर एवं ईमानदार प्रयास करने की आवश्यकता है एवं तभी बांग्लादेश के ग्रामीण बैंक के प्रयासों की सफलता को भारत में फलीभूत किया जा सकता है।

****

माइक्रो क्रेडिट : कांटों भरा सुहाना सफ़र

❑ उमा शंकर मिश्र

ग्रामीण संस्कृति में रची-बसी आपसी सहयोग एवं विश्वास की भावना को माध्यम बनाकर माइक्रो-क्रेडिट की जड़ों को पानी दिया जा रहा है। उसकी संकल्पना के मूल में सहकारिता की जड़ें समाई हैं और गरीबी उन्मूलन के लिए माइक्रो-क्रेडिट को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। लेकिन इस पर अब सवाल भी उठने लगे हैं।

कुछ समय पूर्व कृषि मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा था कि देश भर के छोटे उत्पादकों को संगठित करने में सहकारी समितियों की भूमिका महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। बाज़ार की स्थिति के मुताबिक ग्रामीण उद्यमियों के हितार्थ मानकों के निर्धारण में भी सहकारी समितियां उल्लेखनीय योगदान दे सकती हैं। इन समितियों के विषय में कहा जाता है कि ये 'समान आर्थिक कठिनाइयों का सामना करने वाले व्यक्तियों के ऐसे संगठन हैं, जिनमें समान अधिकारों एवं उत्तरदायित्वों के आधार पर स्वेच्छापूर्वक मिलकर इसके सदस्य कठिनाइयों को दूर करने का प्रयास करते हैं। इस प्रकार बनाए गए समूह के संचालन का आधार सदस्यों के परस्पर हस्तांतरण पर आधारित होता है और इस प्रक्रिया में निहित जोखिम भी उन्हीं का होता है, जिससे इनका भौतिक एवं नैतिक लाभ संगठन के सदस्यों को बराबर मिलता रहे।' पिछले कुछ समय से 'स्वयं सहायता समूहों' में की जाने वाली लघु बचतों एवं माइक्रो-फाइनेंस गतिविधियों को गरीबी उन्मूलन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसके सकारात्मक परिणामों पर एक तरह से मुहर तब लग गई थी जब बांग्लादेश स्थित ग्रामीण बैंक के मो. यूनुस को नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए सरकार का रुझान भी इस ओर बढ़ा है। 11वीं योजना में इसके लिए विशेष कदम उठाए जाने की बात कही जा रही है। हालांकि भारत में नाबार्ड, नैफेड, कृभको, इफको, अमूल, एनएफआईसी, ट्राईफेड, फिश कापफेड, नेशनल

फेडरेशन ऑफ लेबर कोआपरेटिव जैसे चंद गिने चुने संस्थानों को छोड़कर सहकारिता के क्षेत्र में कुछ विशेष नहीं किया जा सका है।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 5.41 लाख समितियां भारतीय सहकारी क्षेत्र का हिस्सा थीं, जिनकी पहुंच देश के शत् प्रतिशत गांवों तक बताई जाती है। इतना सब कुछ होते हुए भी लम्बे समय तक देश की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा बने रहे किसान आत्महत्या को विवश हो रहे हैं, तो निश्चित् तौर पर कहीं न कहीं कुछ कसर रह गई है। शायद यही कारण है कि देश की करीब 30 प्रतिशत आबादी अभी भी गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने को विवश है। 2020 तक भारत को विकसित देखने के सपने को साकार करने के लिए शायद अब इस समस्या को गंभीरता से समझा जाने लगा है और गरीबी उन्मूलन के लिए माइक्रो-फाइनेंस को प्रभावी अस्त्र मानकर निरंतर इसके प्रोत्साहन हेतु प्रयास किए जा रहे हैं। इस प्रक्रिया के माध्यम से गरीबों को लघु ऋण उपलब्ध करवाया जाता है और लोगों के उद्यमीय कौशल को परख कर उन्हें इसके व्यावसायिक उपयोग की जानकारी प्रदान की जाती है। भारत में आज हज़ारों स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी लाखों महिलाएं अपने उद्यमीय कौशल के बलबूते आत्मनिर्भर बन रही हैं।

'हवेली तालुका' पुणे की कमर सुल्ताना भी इसी कड़ी का एक हिस्सा हैं। एक समय था जब शौहर के गुज़र जाने के बाद एक ओर तो उन्हें मानसिक यंत्रणा के दौर से गुज़रना पड़ रहा था, वहीं परिवार के भरण पोषण का संकट भी आन पड़ा था। अभी तक दुनिया से खुद को अलग रखने वाली सुल्ताना को सूझ नहीं रहा था कि आखिर वह क्या करे जिससे परिवार की गाड़ी को पुनः पटरी पर लाया जा सके। ऐसे में एक गैर सरकारी संस्था 'ग्राम एवं महिला विकास मंडल' के कार्यकर्ताओं की प्रेरणा से सुल्ताना गांव में ही चल रहे गणेश बचत गट्ट की सदस्य बन गई। आरंभ में 20 रुपये की किस्त भरना भी सुल्ताना के लिए मुश्किल हो जाता था। लेकिन सुल्ताना ने परिस्थितियों से हार नहीं मानी और आसपास कुछ सिलाई का काम करने लगी। काफ़ी मशक्कत के बाद भी पारिश्रमिक न के बराबर ही मिल पाता था। इससे गुज़र-बसर करना मुश्किल हो जाता था। सुल्ताना की जिंदगी में बदलाव तब आया जब उन्होंने कोल्हापुर की एक संस्था द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम के तहत सिलाई के काम में दक्षता प्राप्त कर ली। 'सिद्धहस्त' नामक इस संस्था के माध्यम से सुल्ताना को सिलाई मशीन खरीदने के लिए ऋण भी

मिल गया। इस तरह उन्होंने काम करना शुरू किया तो 300 रुपये तक मासिक कमाने लगी। उत्साह बढ़ा और आज सुल्ताना 'मिड-वाईफ' एवं 'रंगोली किट' इत्यादि के माध्यम से 1500 रुपये मासिक कमाने लगी है। यही है माइक्रो-फाइनेंस की संकल्पना को साकार करने की सोच का आधार जिससे पिछड़ेपन और गरीबी का दंश झेल रहे लोगों को आर्थिक तौर पर सक्षम बनाकर उनके जीवन स्तर को बेहतरी की ओर ले जाया जा सकता है। भारतीय गांवों को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य में एक अध्याय तब जुड़ गया, जब सरकार ने ग्रामीण आर्थिक संरचना में सुधार हेतु स्वयं सहायता समूहों के गठन और माइक्रो-फाइनेंस के माध्यम से भारतीय गांवों की तस्वीर बदलने की कवायद तेज़ कर दी। इस कार्य में सरकारी एवं गैरसरकारी संस्थाओं का हस्तक्षेप भी बढ़ा है। इसी का परिणाम है कि सुल्ताना जैसी हज़ारों महिलाएं निरक्षर होने के बावजूद स्वावलंबी बनने की ओर अग्रसर हैं।

ग्रामीण एवं आर्थिक मामलों के जानकार एच.एम. देसरडा इस तरह की पहल को महत्वपूर्ण मानते हैं। उनका कहना है कि ऐसे उद्योगों की फेहरिस्त बहुत लम्बी है जिन्होंने बैंकों का करीब सवा लाख करोड़ रुपया स्वयं को दिवालिया घोषित कर डुबा दिया है। आगे वे कहते हैं कि स्वयं सहायता समूहों की गतिविधियों को पुरानी ग्रामीण व्यवस्था का ही हिस्सा कहा जा सकता है; जिसमें ज़रूरत के समय एक दूसरे के प्रति मदद का भाव ग्रामीणों के मन में हुआ करता था। आधुनिक दौर में ग्रामीणों के उसी विश्वास को आधार बनाकर गैर सरकारी संस्थाओं के सहयोग से स्वयं सहायता समूहों का गठन गरीबी के खिलाफ निर्णायक जंग में मददगार साबित हो सकता है। स्वयं सहायता समूहों में करीब 90 प्रतिशत तक महिलाओं की भागीदारी होती है जो अपनी छोटी बचतों को समूह में जमा करती हैं। इस प्रकार के समूहों में लेन-देन का व्यवस्थित लेखा-जोखा रखने के लिए विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाए उन्हें ट्रेनिंग देती हैं। महाराष्ट्र के औरंगाबाद की एक स्वयंसेवी संस्था 'दिलासा' ने स्वयं सहायता समूहों का गठन कर उनके कौशल को परिष्कृत करने का काम किया है। इस गैर सरकारी संस्था ने ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक गतिविधियों का अध्ययन किया और पाया कि ऐसी सैकड़ों परंपरागत कलाएं हैं जिनमें ग्रामीणों को महारत प्राप्त है। लेकिन उन कलाओं के व्यावसायिक प्रयोग को वे नहीं जानते थे और न ही उत्पादों को बेचने के लिए उनके पास बाज़ार उपलब्ध था। इसके अलावा एक और बात जो सामने आई वो ये थी कि ग्रामीणों के बनाए हुए उत्पाद बाज़ार की

प्रतिस्पर्धा का सामना करने में सक्षम नहीं थे। गांव में ही बनने वाले अचार, पापड़, डेयरी उत्पाद, हैण्डलूम उत्पाद जैसे कार्य गृह उद्योग का हिस्सा हैं और ये ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं बशर्ते गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए। 'दिलासा' से सम्बद्ध वैशाली खाडिलकर बताती हैं कि इसी के चलते स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को गुणवत्ता बरकरार रखने के लिए विशेष ट्रेनिंग भी दी जाती है। कोई व्यवसाय शुरू करने के लिए स्थानीय संसाधनों का ही उपयोग किया जाता है। बुआई एवं वर्षा के दिनों में स्वयं सहायता समूहों के काम में थोड़ी गिरावट आ जाती है। लेकिन कुछ समय बाद फिर उसी तेजी से सब कुछ चलने लगता है। आवश्यकता पड़ने पर 'दिलासा' व्यवसाय शुरू करने के लिए ऋण उपलब्ध करवाती है और समूह की महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पाद के श्रम का मूल्य चुकाकर बाज़ार में बेचने का काम भी करती है। 'दिलासा' की आनुषंगिक संस्था 'महिला स्वयं सहायता गटांयी संस्था' ने 493 स्वयं सहायता समूहों का गठन किया है। यहां वार्षिक ब्याज दर पर विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियां शुरू करने के लिए ऋण भी प्रदान किया जाता है। स्वयं सहायता समूह का प्रत्येक सदस्य ऋण की किस्त के अलावा 50 रुपये मासिक इस सहकारी संस्था में जमा करता है।

बांग्लादेश में सन् 1976 में मो. यूनुस ने अपनी जेब से 27 डालर लगाकर ग्रामीण बैंक की नींव डाली थी। आज वह एक वटवृक्ष की भांति फैल चुका है। 30 साल बाद आज 66 लाख लोगों ने इससे कर्ज़ लेकर अपने जीवन-स्तर को सुधारने का प्रयास किया है। इसमें महिलाओं की भागीदारी 97 प्रतिशत तक है। दुनिया भर में लघु वित्त प्रदान करने वाली हजारों संस्थाएं करोड़ों लोगों को ऋण मुहैया करवा रही हैं। 1982 में स्थापित डेवलपमेंट बैंक 'नाबार्ड' भारत में गांवों की समृद्धि को सुनिश्चित् करने के उद्देश्य से कार्य कर रही है। उल्लेखनीय है कि नाबार्ड का गठन ऐसे समय में किया गया है जब यह महसूस किया जाने लगा कि तमाम विशेष योजनाएं एवं ग्रामीण बैंकिंग प्रणाली गांवों में फैली गरीबी को दूर करने का कारगर उपाय नहीं हो सकती है क्योंकि ग्रामीण बैंकों एवं सहकारी बैंकों के मकड़जाल के बावजूद अज्ञानतावश लोग उनका उपयोग नहीं कर पा रहे थे। वास्तव में ग़रीबों को सब्सिडी-युक्त क्रेडिट की अपेक्षा इन सुविधाओं की उपलब्धता की समस्या भ्रष्टाचार एवं अन्य कारणों से बनी हुई थी। आज नाबार्ड के प्रयासों के परिणाम स्वरूप भारत में स्वयं सहायता समूहों को बैंकिंग सिस्टम से जोड़े जाने का कार्यक्रम दुनिया के सबसे तेज़ी से

फैल रहे विकास कार्यक्रमों में से एक माना जा रहा है। देश भर में इससे 28,000 गैर सरकारी संस्थाएं और 500 बैंकों की करीब 30 हज़ार शाखाएं जुड़ चुकी हैं। वर्ष 2002 में 24 हज़ार स्वयं सहायता समूहों को 545.4 करोड़ रुपये इस कार्यक्रम के तहत वितरित किए गए थे। देश भर में आज 22.38 लाख स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से 3.29 करोड़ परिवार माइक्रो-क्रेडिट एवं अन्य बैंकिंग सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं।

फूलों के साथ अकसर काँटों के होने की बात कही जाती है। माइक्रो-क्रेडिट भी इससे अलग नहीं है। डा. सुधीरेन्द्र शर्मा जैसे जानकार इसके आगामी परिणामों को लेकर चिन्ता जताते हुए इसे गरीबों के शोषण का एक रूप मानते हैं। 24 से 36 प्रतिशत की ब्याज दर को वे इसके लिए ज़िम्मेदार ठहराते हैं। साथ ही वे ये भी कहते हैं कि इसके कारण ग्रामीणों का कृषि जैसे प्राथमिक क्षेत्र से पलायन और भी बढ़ेगा। उनका मानना है कि इस प्रक्रिया से कैश-फ्लो तो बढ़ता है, लेकिन इसे गरीबों के सशक्तिकरण का स्थायी हल नहीं माना जा सकता। बल्कि इससे गैर सरकारी संस्थाओं को धंधे का ज़रिया मिल गया है तो बैंकों को अपने मकड़जाल को फैलाने का रास्ता। वहीं देशी-विदेशी कंपनियाँ इस वर्ग को भावी उपभोक्ता के तौर पर देखते हुए उत्साहित हैं। उनके मुताबिक ऋण को लाभ में परिवर्तित करना भी एक चुनौती है। ज़रूरी नहीं है कि गरीबों को इससे फ़ायदा ही होगा। क्योंकि, उनकी महत्वपूर्ण समस्या उपभोग को लेकर है। ऋण की भरपाई के लिए भी कई बार ग़रीबों को अन्य स्रोतों से भारी शर्तो पर ऋण लेना पड़ता है, जिससे वे उबर नहीं पाते। शायद इसी का परिणाम है कि बांग्लादेश में ऋण की भरपाई न कर पाने के क ारण महिलाओं को जेल भी जाना पड़ा है। साथ ही महिलाओं द्वारा अपनी बेटियों को काम में लगा लेने से उनका शिक्षण भी प्रभावित होता है। ऐसे में स्थायी विकास के सवाल के साथ-साथ शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसे प्रश्न भी खड़े हो जाते हैं जिसके बिना किसी भी तरह के विकास को असंतुलित ही माना जाएगा।

देखा जाए तो अधिसंख्यक ग्रामीण अपनी उपभोग सम्बन्धी ज़रूरतों के लिए बैंकों की बजाय साहूकारों से भारी ब्याज दर पर ऋण लेते रहे हैं। क्योंकि, उनके पास सिक्योरिटी के नाम पर कुछ नहीं होता था। आज माइक्रो-क्रेडिट को इस समस्या के विकल्प के तौर पर देखा तो जा रहा है, लेकिन इसके दूरगामी परिणामों को भी दरकिनार नहीं किया जा सकता। इस पर भी सोचने की आवश्यकता है।

विशेष आर्थिक ज़ोन (SEZ) संकल्प एवं समस्यायें

❑ डॉ॰ के. एल. गुप्ता

पिछले एक वर्ष में औद्योगिक क्षेत्रों के लिये कृषि भूमि के अधिग्रहण के प्रश्न ने पूरे देश में विचारपूर्ण चिन्तन को प्रेरित किया है और इस सन्दर्भ में 'नन्दीग्राम' का विवाद पश्चिम बंगाल तक ही सीमित न रहकर सर्वोच्च न्यायालय में विचार एवं संसद में परिचर्चा का विषय बन गया। उपरोक्त पृष्ठ भूमि में औद्योगिक विकास एवं निर्माण वृद्धि के लिये संकल्पित नवीन अवधारणा, विशेष आर्थिक ज़ोन (Special Economic Zone) में निहित संकल्पों का अध्ययन एवं समस्याओं का विश्लेषण एक महत्वपूर्ण एवं सामाजिक आर्थिक चिन्तन है।

विशेष आर्थिक ज़ोन क्या है?

विशेष आर्थिक ज़ोन (सेज़) से आशय ऐसे भौगोलिक क्षेत्र से है जिसमें आर्थिक एवं राजकोषीय नियम तथा व्यवस्थायें देश के परम्परागत एवं सामान्य आर्थिक नियमों से उदार होती हैं, जिससे उस क्षेत्र में सरलता एवं तीव्रता से औद्योगिक क्रियाओं को विकसित किया जा सके। परिभाषा के रूप में "Sezs are specifically delineated duty and tax free enclaves treated as a foreign territory for a more liberal regime in respect of foreign investment and various economic laws." सेज़ के सम्बन्ध में देश में अप्रैल 2000 में घोषित नीति में यह स्पष्ट किया गया था कि "Sez will work as an engine for economic growth supported by quality infrastrcture complemented by an attractive fiscal package with the minimum regulations"

भारत में 'सेज़' की संकल्पना

भारत एशिया के ऐसे पहले देशों में एक था, जिन्होंने निर्यात प्रोत्साहन के लिये 'निर्यात प्रक्रियन ज़ोन' प्रारंम्भ किये और सन् 1965 में ऐसा पहला ज़ोन कान्डला में स्थापित किया गया। उसके पश्चात् ऐसे सात ज़ोन और स्थापित किये गये, लेकिन वे आशाओं के अनुरूप परिणाम नहीं दे सके। सन् 2000 में चीन के 'सेज़' से प्रेरणा लेकर भारत में भी सेज़ स्थापित करने की नीति की घोषणा तत्कालीन वाणिज्य मंत्री मुरासोली मारन द्वारा की गई। यह उल्लेखनीय है कि विश्व में पहले और सर्वाधिक प्रसिद्ध सेज़ों में चीन के 'Shenzhn' का सेज़ महत्वपूर्ण है जो बीस वर्ष में 41 लाख की आबादी वाले एक बड़े नगर में परिवर्तत हो गया।

विश्व बैंक के अनुमान के अनुसार सन् 2007 में विश्व के 120 देशों में सेज़ व्यवस्था के अन्तर्गत 3,000 से अधिक परियोजनायें कार्यशील थीं। भारत में 'सेज़' संकल्पना की सुव्यवस्था की दृष्टि से विशेष आर्थिक ज़ोन अधिनियम 2005 भी पारित किया गया। नवम्बर 2007 के प्रारम्भ तक देश में 395 सेज़ों को औपचारिक अनुमोदन तथा 165 सेज़ों को सैद्धान्तिक अनुमोदन दिया गया। अधिसूचित सेजों की दृष्टि से आन्ध्र प्रदेश (46) का प्रथम स्थान है।

देश के विभिन्न विशेष आर्थिक ज़ोन्स में दिसम्बर 2001 के अन्त तक 1,00,000 करोड़ रु. से अधिक विनियोग होने तथा 5,00,000 से अधिक व्यक्तियों को रोज़गार मिलने का अनुमान है।

देश में जिन उद्देश्यों की पूर्ति हेतु सेज की संकल्पना की गई है वे हैं (अ) अतिरिक्त आर्थिक क्रियाओं का सृजन (ब) वस्तुओं एवं सेवाओं के निर्यात को प्रोत्साहन (स) घरेलु एवं विदेशी स्रोतों से विनियोग को प्रोत्साहन (द) संरचनात्मक सुविधाओं का विकास। (च) रोज़गार अवसरों का सृजन

सेज़ को सुविधाएँ एवं प्रेरणाएँ

विशेष आर्थिक ज़ोन में व्यावसायिक इकाइयों की स्थापना और संचालन के लिये उनके विकास, परिचालन एवं रखरखाव की प्रक्रिया का सरलीकरशा किया गया। उनमें इकाइयों की स्थापना के लिये केन्द्र एवं राज्य सरकार से सम्बन्धित विषयों पर एकल खिड़की द्वारा अनुमति का प्रावधान किया गया है। सेज़ विकासकर्ताओं को आयात शुल्क एवं उत्पादन शुल्क से मुक्ति, सेज़ अधि सूचना से 15 वर्षों में किन्हीं 10 वर्षों में निर्यात आय पर आयकर से मुक्ति,

आयकर अधिनियम के अन्तर्गत न्यूनतम वैकल्पिक कर (MAT) तथा लाभांश वितरण कर से मुक्ति के साथ ही केन्द्रीय बिक्री कर एवं सेवाकर से मुक्ति की व्यवस्था की गई। उसके साथ ही सेज़ इकाइयों को आयात एवं उत्पादन शुल्क से मुक्ति, निर्यात आय पर पहले पाँच वर्ष 100% और अगले पाँच पर्ष 50% मुक्ति के साथ आयकर में न्यूनतम वैयक्तिक कर से मुक्ति, केन्द्रीय बिक्री कर, सेवा कर एवं राज्य बिक्री कर से भी मुक्ति का प्रावधान किया गया है।

सेज़ से लाभपूर्ण सम्भावनायें

देश में विशेष आर्थिक ज़ोन की योजना की संकल्पना आधुनिक तकनीकों के आधार पर आधुनिक, परिष्कृत एवं निर्यात उन्मुख उत्पादों की इकाइयों के द्वारा आर्थिक विकास की दर एवं स्तर में तीव्र वृद्धि की महत्वाकांक्षा के रूप में की गई है। इसकी पृष्ठभूमि में चीन के सेज़ों की प्रगति एवं योगदान की स्थिति भी निहित है। वास्तव में सेज़ व्यवस्था में कर व्यवस्था से मुक्ति, नियन्त्रणों का सरलीकरण, निर्णयों का एकीकरण ऐसी व्यवस्थायें हैं जो औद्योगिक इकाइयों की स्थापना को प्रेरणा देती हैं। इन ज़ोन्स में संरचनात्मक सुविधाओं जैसे सड़क, विद्युत, संचार इत्यादि को प्राथमिकता के आधार पर विकसित किया जाता है। सेज की संकल्पना में जहाँ एक ओर यह आशा रखी गई थी कि इन क्षेत्रों में विदेशी प्रत्यक्ष विनियोग प्रोत्साहित होगा वहीं गैर प्रवासी भारतीय भी इन क्षेत्रों की सुविधाओं के आधार पर अपने देश में आर्थिक विकास के लिये विनियोग करने के लिये प्रेरित होंगें। सेज़ में कार्यशील इकाइयों के उत्पादों से जहाँ एक ओर निर्यात प्रोत्साहन के लक्ष्य पूरे होंगे वहीं दूसरी ओर तकनीकी, इलैक्ट्रोनिक एवं आई.टी. उत्पादों के आयातों में महत्वपूर्ण कमी आयेगी। इन क्षेत्रों में कर मुक्ति और रियायतों के सन्दर्भ में कर आगम में कमी का तर्क रखा जाता है। लेकिन इन क्षेत्रों के विकास से रोज़गार में वृद्धि तथा क्रय शक्ति में वृद्धि से अप्रत्यक्ष करों के आगम में वृद्धि से क्षतिपूर्ति हो जायेगी।

सेज़ की समस्यायें

यह ठीक है कि सेज़ की संकल्पना तीव्र एवं आधुनिक औद्योगिक विकास के परिप्रेक्ष्य में की गई है, लेकिन यदि स्वार्थपूर्ण निहित हितों के आधार पर कार्य होता है तो विभिन्न समस्यायें उत्पन्न होती हैं। 'सेज़' संकल्पना में सबसे विवादपूर्ण समस्या भूमि अधिग्रहण की है। वास्तव में

जितनी तेज़ी से सेज़ प्रस्ताव प्रस्तुत और पारित हुये उसका मूल कारण यह था कि निजी क्षेत्र द्वारा इन ज़ोन्स को 'करमुक्त स्वर्ग' के रूप में अवलोकित किया गया। भूमि अधिग्रहण की सुविधा के कारण इन ज़ोन्स के प्रस्तावों में अनेक ऐसे पक्ष भी शामिल हो गये जिन्होंने इन क्षेत्रों के विकास को औद्योगिक विकास की परियोजना के स्थान पर भूमि भवन (real estate) व्यवस्था के रूप में देखा। अनेक स्थानों पर राज्य सरकार भी भूमि उपलब्ध कराने में सुविधा प्रदान करने के स्थान पर स्वयं सक्रिय भागीदार बन गयी तथा यह धारणा बन गयी कि सेज का संकल्प अनेक दशाओं में 'भूमि घोटाला' का आधार बन गया। सामान्यत: यह आशा की जाती है कि किसी सेज के पूरे क्षेत्र में 10%से अधिक भाग उर्वरा कृषि भूमि का नहीं होना चाहिये लेकिन 'सिंगूर' एवं नंदीग्राम में यह 50% से भी अधिक हो गया।

यह ठीक है कि सेज़ विकास के लिये उचित आकार का भूमि क्षेत्र होना चाहिये और इसी दृष्टि से सरकारी नियमों में विभिन्न राज्यों में और विभिन्न प्रकार के सेज़ के लिये न्यूनतम आकार भी निर्धारित किया गया है। अधिग्रहण में भूमि मूल्य निर्धारित करने की भी महत्वपूर्ण समस्या रही है लेकिन इस सम्बन्ध में अब स्थिति स्पष्ट कर दी गयी है कि सेज़ विकासकर्त्ता द्वारा भूमि विक्रेताओं से प्रत्यक्ष वार्ता करके बाज़ार मूल्य पर भूमि क्रय करने की व्यवस्था करनी होगी। यह संतोष का विषय है कि केन्द्रीय सरकार ने सेज़ के सम्बन्ध में जो नवीन नीति घोषित की है वह भूमि अधिग्रहण से सम्बन्धित समस्याओं को सीमित करने में सहयोगी बन सकती है। इस नीति में कहा गया है कि यदि सेज़ के निजी विकासकर्ता ने 70% क्षेत्र की व्यवस्था कर ली है तो शेष 30% क्षेत्र सरकार अधिग्रहीत कर सकती है। उसके साथ ही भूमि के बदले भूमि में क्षतिपूर्ति, प्रभावित परिवारों को रोजगार में प्राथमिकता, भूमि मूल्य का 20% तक भाग समता अंशो में दिये जाने, प्रभावित परिवारों के बच्चों को शिक्षा छात्रवृति, ठेकों में प्राथमिकता, गृहहीन व्यक्तियों के लिये मकान की व्यवस्था, प्रभावित परिवारों में 50 वर्ष से अधिक आयु के एवं विकलांग, विधवा या निराश्रित व्यक्तियों को पेन्शन सुविधाएँ उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

सेज़ के लिये भूमि उपलब्ध कराने के लिये एक यह दृष्टिकोण भी विकसित हुआ है कि उपजाऊ कृषि भूमि का अधिग्रहण करने के स्थान पर बीमार औद्योगिक इकाइयों की भूमि इस कार्य के लिये प्रयुक्त की जा सकती है। वर्तमान समय में निजी क्षेत्र की 1254 बीमार औद्योगिक इकाइयों के समापन के प्रकरण विभिन्न उच्च न्यायालयों में विचाराधीन हैं। यही स्थिति केन्द्रीय सरकार के 31 और राज्य सरकारों के 4 प्रतिष्ठानों की है। यदि इन सभी इकाइयों की भूमि प्रयोग करने की सुविधा सेज़ को मिल जाये तो देश भर में महत्वपूर्ण स्थानों पर प्राइम भूमि उपलब्ध हो सकेगी तथा बीमार औद्योगिक इकाइयों की वित्तीय समस्या भी कम होगी।

यह उल्लेखनीय है कि भारत में भूमि की कमी नहीं है। भारत के 32,87,263 वर्ग किलो मीटर क्षेत्रफल में से लगभग 16,20,388 वर्ग किलो मीटर कृषि भूमि है, जबकि औपचारिक रूप से अनुमोदित 395 विशेष आर्थिक ज़ोनों के लिये 500 से 550 वर्ग किलो मीटर भूमि की आवश्यकता होगी। अत: समस्या भूमि की नहीं वरन् भूमि के ऐसे विवेकपूर्ण अधिग्रहण की है जिससे कृषकों तथा सेज़ के हितों के मध्य उचित सामंजस्य रखा जा सके।

यह भी महत्वपूर्ण है कि सेज़ प्रस्तावों में निजी प्रवर्तकों का मन्तव्य पारदर्शी होना चाहिये। भूमि भवन व्यवसायों में कार्य करने वाले अनेक प्रवर्तकों ने 3 सेज़ प्रस्ताव भी रखे हैं। यदि वे इसमें योगदान देना चाहते हैं तो नि:सन्देह स्वागत योग्य है लेकिन उसका प्रयोग उन्हें अपने परम्परागत व्यवसाय को बढ़ाने के लिये नहीं करना चाहिये। इसीलिये सेज़ क्षेत्र में आवासीय प्रखण्ड उन्हीं व्यक्तियों को आवंटित किये जाने चाहियें जो उद्यमी या कर्मचारी के रूप में सेज़ की आर्थिक क्रियाओं में संलग्न हो।

सेज़ की सामाजिक संरचनात्मक व्यवस्थाओं में यह ध्यान भी रखना होगा कि उनमें अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के अस्पताल, शिक्षा संस्थान एवं मनोरंजन केन्द्र हों जिससे अप्रवासी भारतीयों, विशेषकर तकनीशियनों को अपने देश के आर्थिक विकास में सक्रिय भूमिका के लिये आकर्षित किया जा सके। वास्तविकता यह है कि सेज़ का संकल्प न केवल उद्योगों एवं सेवाओं में कुशल मानव शक्ति के लिये रोज़गार के अधिकाधिक अवसरों का सृजन करेगा, वरन् भविष्य में तीव्र विकास को भी गति देगा। लेकिन यह सुनिश्चित् करना होगा कि निहित स्वार्थों की पूर्ति के स्थान पर राष्ट्र हित ही सर्वोपारि है इस भावना से कार्य हो। विशेष आर्थिक क्षेत्रों को आधुनिक भारत के आधुनिक विकास मन्दिरों के रूप में विकसित करना होगा। ●

–लेखक बी.आर. अम्बेडकर विश्वविद्यलय में
डीन, फैकल्टी ऑफ़ कामर्स हैं।

शिक्षकों को आदर्श बनना चाहिये

❑ **डॉ॰ ए.पी.जे. अब्दुल कलाम**

देश को ऐसे अध्यापक चाहिएँ, जो पढ़ाने के साथ ही बच्चों में नैतिक गुणों का विकास कर सकें। हम अक्सर कृतज्ञता के साथ महान शिक्षा शास्त्री सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद करते हैं, जिनका सपना था, 'देश के शिक्षकों के पास सर्वश्रेष्ठ विभाग हो।' पहले शिक्षक के रूप में मैं अपने पिता जनाब अवुल पाकिर जैनुल आबदीन की चर्चा करने जा रहा हूँ।

जब मैं बच्चा था, तो उन्होंने मुझे एक बड़ी सीख दी। यह देश की आज़ादी के तत्काल बाद की बात है। उस वक्त रामेश्वरम् में पंचायत बोर्ड का चुनाव सम्पन्न हुआ था। मेरे पिता पंचायत बोर्ड के सदस्य निर्वाचित हुए और उसी दिन उन्हें रामेश्वरम् पंचायत बोर्ड का अध्यक्ष चुना गया।

मैं आपको उनके पंचायत बोर्ड का अध्यक्ष चुने जाने के दिन का एक वाक्या सुनाना चाहता हूँ। तब मैं स्कूल में पढ़ता था। उस दिन मैं अपना पाठ ज़ोर-ज़ोर से पढ़ रहा था। मुझे दरवाज़े पर किसी की दस्तक सुनाई पड़ी। एक व्यक्ति ने दरवाज़ा खोला और अंदर आकर मुझसे पूछा कि तुम्हारे पिताजी कहाँ हैं? मैंने उन्हें बताया कि पिताजी शाम की नमाज़ अदा करने गए हैं। यह सुनकर उसने मुझसे कहा कि वह मेरे पिताजी के लिए कुछ लेकर आया है, क्या वह उसे वहां छोड़ सकता है? मैंने उस सज्जन को सामान खाट पर रखकर जाने को कहा। उसके बाद मैं अपनी पढ़ाई में मशगूल हो गया।

इसी बीच पिताजी कमरे में आए और उनकी निगाह खाट पर रखे सामान पर पड़ी। उन्होंने मुझसे पूछा, 'यह क्या है? इसे कौन दे गया?' मैंने उन्हें बताया, 'कोई आपके लिए छोड़ गया है।' उन्होंने पैकेट खोला, तो उसके अंदर से एक कीमती धोती, अंगवस्त्रम, कुछ फल और मिठाइयां निकलीं। उपहार देखकर वह बहुत क्षुब्ध थे। मैंने पहली बार उन्हें उस हद तक नाराज़ देखा था और पहली बार उन्होंने मुझे पीट दिया था।

फिर पिताजी मेरे करीब आए और प्यार से मेरे कंधे को छूते हुए कहा कि मेरी अनुमति के बगैर कभी किसी का उपहार स्वीकार नहीं करना। फिर उन्होंने मुझे बताया कि ''उपहार के साथ हमेशा कुछ मतलब होते हैं और यह खतरनाक चीज़ है। ठीक वैसे ही, जैसे सांप को छुओ और बदले में विष पाओ।''

यह सीख हमेशा मेरे दिमाग में कायम रही, बल्कि आज सत्तर वर्ष की आयु पार करने के बाद भी बनी हुई है। जब मैं अपने दूसरे शिक्षक के बारे में सोचता हूँ, तो मुझे अपने बचपन के दिन याद आते हैं तब मैं कक्षा आठ में पढ़ता था और मेरी आयु 13 वर्ष थी।

मेरे एक शिक्षक थे, श्री शिव सुब्रमण्य अय्यर। हमारे स्कूल के सबसे अच्छे शिक्षकों में एक। हम सभी को उनकी कक्षा में हाज़िर रहना अच्छा लगता था। एक दिन वह चिड़ियों की उड़ान के बारे में पढ़ा रहे थे।

उन्होंने ब्लैकबोर्ड पर चिड़िया की तस्वीर बनाई। उसके डैने, उसकी पूंछ और शरीर के ढ़ाँचे के साथ सिर भी बनाया। फिर उन्होंने ब्याख्या की कि किस तरह चिड़िया उड़ान भरती है। लगभग पच्चीस मिनट के व्याख्यान में उन्होंने चिड़िया की उड़ान से सम्बन्धित तमाम जानकारियां दीं।

कक्षा के अंत में उन्होंने हमसे पूछा कि हमने चिड़िया के उड़ने के बारे में समझा या नहीं। मेरे साथ अनेक छात्रों ने कहा कि वे नहीं समझ पाए। हमारे जवाब से श्री अय्यर क्षुब्ध नहीं हुए, क्योंकि वह एक प्रतिबद्ध शिक्षक थे। उस शाम पूरी कक्षा रामेश्वरम् के समुद्र तट पर पहुँची। समुद्र की लहरें रेत के टीलों से टकराकर लौट जाती थीं। उस सुहानी शाम का हमने जमकर लुत्फ उठाया। मधुर सुरों में चहचहाती चिड़ियां उड़ रही थीं। हमारे अध्यापक ने 10-20 के झुण्ड में विचरण कर रहे समुद्री पक्षियों की ओर हमारा ध्यान आकृष्ट किया।

किसी खास उद्देश्य के साथ बड़े ही विलक्षण तरीके से समूहबद्ध उड़ते पक्षियों को हमने देखा और हम आश्चर्यचकित हुए बिना न रह सके। उन्होंने हमें पक्षियों के पंखों के साथ-साथ उनके पिछले हिस्से और ऐंठी हुई पूंछ की ओर देखने को कहा।

हमने गौर किया कि उस मुद्रा में पक्षी अपनी मर्ज़ी के मुताबिक दिशा में उड़ रहे हैं। तब उन्होंने हमसे प्रश्न किया, आखिर इंजन कहां है और उन्हें

ऊर्जा कहां से मिल रही है? पक्षी खुद अपने जीवन से ऊर्जा व अपनी इच्छाशक्ति से प्रेरणा ग्रहण करता है।' ये सारी बातें पंद्रह मिनट में ही हमें समझा दी गईं। उस व्यावहारिक प्रयोग से हमें गति और बल से सम्बंधित भौतिकी अच्छी तरह से समझ में आ गई।

कितनी अच्छी बात थी। हमारे टीचर एक महान शिक्षक थे। वह हमें सैद्धान्तिक पाठ पढ़ाते और प्रयोग के तौर पर प्रकृति में विद्यमान कुछ उदाहरण हमारे सामने रखते। यही वास्तविक क्षिक्षा है। मुझे उम्मीद है कि स्कूल-कॉलेजों के अध्यापक भी इस उदाहरण से प्रेरणा लेकर शिक्षण की ऐसी विधियां अपनाएंगे।

वह पाठ मेरे लिए सिर्फ़ इस संदर्भ में नहीं था कि एक पक्षी कैसे उड़ता है, बल्कि पक्षी का उड़ना मुझे जीवन का मकसद दे गया। उस शाम के बाद मेरे मन में एक तीव्र इच्छा जागी कि भविष्य में मैं उड़ान और उड़ने से जुड़े सिद्धान्तों का ही अध्ययन करूंगा। मैं यह वाक्या इसलिए बता रहा हूँ, क्योंकि मेरे अध्यापक की शिक्षा और उस शाम ने मेरा भविष्य तय कर दिया।

फिर एक शाम कक्षा समाप्त होने के बाद मैंने उनसे पूछा, ''सर, कृपया आप मेरा मार्गदर्शन करें कि उड़ान सम्बन्धी शिक्षा में मैं आगे कैसे बढ़ूँ?'' बड़े ही धीरज के साथ उन्होंने मुझे समझाया कि मैं पहले आठवीं की अपनी पढ़ाई पूरी करूं, हाई स्कूल में जाऊं और उसके बाद मुझे इंजीनियरिंग कॉलेज में दाखिला लेना होगा, जिसके बाद में उड़ान सम्बन्धी शिक्षा ग्रहण करने का अपना सपना पूरा कर सकता हूँ।

उनकी यह सलाह और पक्षियों को उड़ते देखने के मेरे अनुभव ने सचमुच मुझे जीवन का उद्देश्य दिया और मेरे भविष्य का लक्ष्य निर्धारित कर दिया। जब मैंने कॉलेज में प्रवेश किया तो भौतिकी को मैंने अपना विषय चुना। जब मैं मद्रास इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी में गया, तो मैंने ऐरोनॉटिक (विमान शास्त्र) इंजीनियरिंग की पढ़ाई की।

उसके बाद मेरी जिंदगी एक रॉकेट इंजीनियर, एरोस्पेस इंजीनियर (हवाई जहाज, अंतरिक्ष यान, मिसाइल आदि बनाने में प्रयुक्त प्रौद्योगिकी) में तब्दील हो गई। शिक्षक द्वारा पढ़ाया गया वह प्रत्यक्ष उदाहरण एवं उस वाक्ये ने मेरा कार्य क्षेत्र तय कर दिया। एक छात्र (या छात्रा) 12वीं तक की अपनी पढ़ाई के दौरान 25000 घंटे स्कूल में व्यतीत करता है और उसका जीवन अपने शिक्षकों और स्कूल के माहौल से ज़्यादा प्रभावित होता है।

इसलिए स्कूलों में बेहतर शिक्षक होने चाहिएँ, जिनमें पढ़ाने की योग्यता के साथ-साथ कुछ और गुण भी हों। मसलन, पढ़ाने में उन्हें खास दिलचस्पी हो और वे विद्यार्थियों में नैतिक गुणों का भी विकास कर सकें।

शिक्षक ऐसे हों, जो समग्रता में बच्चों के आदर्श बन सकें और उन्हें भविष्य के लिए एक दृष्टि, एक लक्ष्य दे सकें। अभिभावक, शिक्षक और विद्यार्थी, हम सब चाहें जो भी हों, सभी मानव इतिहास के पन्नों में एक और पन्ना जोड़ते हैं। ''मैं महसूस करता हूँ कि मेरा अनुभव मानव जीवन में एक छोटे से बिन्दु की तरह है, लेकिन उस बिन्दु का अपना जीवन है, अपना प्रकाश है।'' आओ, हम प्रयत्न करें कि यह प्रकाश बहुत से और दीपकों को प्रकाशमान कर सके। ●

लेखक भारत के पूर्व राष्ट्रपति हैं।

काल पर विजय

एक बार धर्मराज युधिष्ठिर के पास कोई निर्धन ब्राह्मण याचना करने आया। उस समय वे राजकाज में व्यस्त थे। उन्होंने नम्रतापूर्वक ब्राह्मण से कहा-''ब्रह्मदेव! आप कल पधारने की कृपा करें, आपको अभीष्ट वस्तु प्रदान की जायेगी''। ब्राह्मण चला गया। उसके जाते ही भीमसेन उठे और राजप्रसाद के मुख्य द्वार पर आकर ज़ोर-ज़ोर से दुन्दुभी बजाने लगे। उन्होंने सेवकों को भी मंगलवाद्य बजाने की आज्ञा दे दी।

यह आवाज़ जब राजसभा में पहुँची तो वहाँ उपस्थित सभी लोग चौंक पड़े और एक दूसरे का मुँह देखने लगे। किसी को कुछ समझ में नहीं आया। युधिष्ठिर ने चकित होकर एक सेवक को उस कोलाहल का कारण पता लगाने के लिये भेजी। सेवक लौटकर बोला-''महाराज! ये वाद्य भीमसेन के आदेश से बजाये जा रहे हैं। मैंने उन्हें भी दुन्दुभी बजाते देखा है।'' युधिष्ठिर ने भीमसेन को बुलवाया और थोड़ा अप्रसन्न होकर पूछा-क्या बात है भीम, यह सब क्या हो रहा है?'

भीम ने हँसकर कहा-''संभव है, तभी तो आपने दान जैसे पुण्य कार्य को कल पर टाल दिया है। तीनों लोकों में प्रसिद्ध है कि आपके मुँह से हँसी

.....शेष पृष्ठ 51 पर

चेतना के द्वारपाल हैं प्रश्न

❑ रमेश देव

इटली देश के एक पहाड़ी गाँव बारवियाना के कुछ ऐसे लड़कों को एक पादरी ने एकत्रित किया जो स्कूल से निकाल दिए गए थे। उन बच्चों की उम्र आठ बरस से पन्द्रह बरस के बीच थी। इन लड़कों से पादरी ने कहा कि वे स्कूल से क्यों निकाले गए और उनके स्कूल को लेकर क्या अनुभव हैं, वे लिखें। बच्चों ने जब लिखना शुरू किया तो पहला प्रश्न था, ''गुरुजी, आप ही बताइए कि स्कूल कौन है?'' गुरुजी जब बच्चों के चेहरे देखने लगे तो बच्चों ने जवाब दिया हम ही तो स्कूल हैं। हमें ही तो पढ़ाने की तनख्वाह सरकार आपको देती है। फिर आप हमें पढ़ाते क्यों नहीं? हमें स्कूल से निकाल क्यों दिया।

बच्चों का कुसूर यह था कि वे शिक्षक द्वारा बनाए गए पाठ्यक्रम से सहमत नहीं थे। उनका कहना था कि हमारी टीचर यह भी नहीं जानतीं कि हमें कैसा पाठ्यक्रम चाहिए। हम तो पहाड़ के बच्चे हैं, मजदूर बच्चे हैं। लकड़ी बीनते हैं, मेहनत करते हैं। मगर हमारी टीचर पाठ्यक्रम में हमारे लिए शारीरिक शिक्षा का विषय रखती हैं। अरे यह विषय तो उन लोगों के लिए होना चाहिए जो कारों से स्कूल आते हैं और लिफ्ट से स्कूल भवन में चढ़ते हैं। हम तो दिन भर मेहनत करते हैं, हमारे लिए शारीरिक शिक्षा का क्या मतलब?

बच्चों ने यह भी कहा कि शिक्षक क्या है? और उसका उत्तर भी उन्होंने ही दिया। उनका ऐसा मत था कि स्कूल अपने बच्चों से प्यार नहीं करता। शिक्षक अपने बच्चों से प्यार नहीं करते। इसलिए बच्चों ने कहा कि वेश्या, पादरी और शिक्षक एक जैसे होते हैं क्योंकि उनके पास किसी आनेवाले के लिए कोई आत्मीय खुशी नहीं होती और जानेवाले के प्रति कोई ग़म या दु:ख नहीं होता। इतने साहसी प्रश्न पूछकर इन बच्चों ने एक प्रकार से पूरे

शिक्षाशास्त्र को ही चुनौती दे डाली थी। इसका तात्पर्य यह है कि अगर किसी भी समाज या जन को प्रश्न करना आ गया तो वह समाज निश्चित् ही शिक्षा से एक प्रश्नवान और चेतनावान समाज बन सकता है।

प्रसिद्ध यूनानी दर्शनिक सुकरात ग्रीस में घूम-घूमकर लोगों से प्रश्नोत्तर करते रहते थे। उनके प्रश्न सुन-सुनकर लोगों को स्वयं अपने बारे में, अपने राजा और राज्य के बारे में, अपने अधिकारों आदि के बारे में कई बातें मालूम होती थीं और कुछ बातें वे स्वयं भी मालूम करने लगते थे। यह देखकर वहाँ की राज व्यवस्था को यह डर पैदा हो गया कि कहीं सुकरात जनता को भड़का तो नहीं रहे हैं। राजा ने उन्हें जेल में डाल दिया और आगे चलकर विद्रोह के मामले में उन्हें ज़हर पीकर मौत को गले लगाने की सज़ा दे दी। सुकरात के शिष्यों को बड़ा दु:ख हुआ। राजा ने सुकरात से पूछा कि आपने ऐसा क्यों किया और आप अगर यह प्रश्न पूछना बंद कर देंगे तो आपकी सज़ा माफ़ कर दी जाएगी। सुकरात ने कहा कि मुझे अपनी मौत का कोई गम नहीं है। मुझे तो इस बात का संतोष है कि मैंने अपनी जनता को प्रश्न करना सिखा दिया और जिस कौम के पास प्रश्न करने का साहस आ जाता है, उसे गुलाम बनाकर नहीं रखा जा सकता।

प्रश्नों का संसार हमारे पुराणों में तो इस कदर है कि एक उपनिषद का नाम ही प्रश्नोपनिषद है। एक बार एक ऋषि के आश्रम में शिष्यों के बीच बहस हो रही थी। विषय था कि आकाश महान है या पृथ्वी। अधिकांश छात्रों का मत था कि आकाश ही महान है। उनका तर्क था कि वह एक समूचा ब्रह्माण्ड है और पृथ्वी तो उसका एक ग्रह मात्र है। उनका यह भी कहना था कि आकाश हमें चाँद, सूरज, ध्वनि, पानी सब कुछ देता है। इसलिए आकाश के ऊँचा या महान कौन हो सकता है। इसी बीच ऋषि की एक छोटी लड़की बाहर आई और बोली-नहीं आचार्य, महान तो पृथ्वी ही है। उसने शिष्यों के तर्क का जवाब दिया कि अच्छा आकाश को छूकर बताओ। आकाश में चलकर बताओ। आकाश में खेती करके, पेड़ पौधे उगाकर बताओ। यह सुनकर ऋषि भी दंग रह गए और उन्होंने कहा कि सच है कि जिस पृथ्वी से हमें जीवन मिलता है, वह पृथ्वी ही महान् है। वह तो हमारी माता है और माता से महान् कौन हो सकता है। यह सुनकर सभी शिष्य लड़की की बातों पर आश्चर्य करने लगे और सोचने लगे इसने तो आश्रम में शिक्षा ग्रहण की

ही नहीं फिर यह ज्ञान इसे कैसे हुआ। ऋषि ने उसे पूछा तो लड़की ने कहा जब आप अपने शिष्यों को पढ़ाते हैं तो मैं सुनती रहती हूँ। उससे मुझमें यह प्रश्न करने की ताकत पैदा हुई है। ऋषि गद्‌गद हो गए और उन्होंने उस लड़की को अपने आश्रम की आचार्या नियुक्त कर दिया। **संसार में पहली लड़की थी जिसे केवल 13 साल की उम्र में आचार्य बना दिया गया था। वह लड़की थी गार्गी।**

इन उदाहरणों से यह साबित होता है **शिक्षा वह है जो साहस दे, विश्वास और आस्था दे, हुनर और ताकत दे।** प्रश्न उत्पन्न होते हैं जिज्ञासा से। यदि आप स्कूल में पहले दिन जाकर यह पूछें कि यह स्कूल क्या है, क्यों है और शिक्षक हमें क्या पढ़ाते हैं तो फिर आपके मन में कई और प्रश्न पैदा होंगे। आप पूछ सकते हैं यह ब्लैकबोर्ड क्यों है? ये पुस्तकें हमें क्या सिखाती हैं? हमारा पाठ्यक्रम हमें क्यों नहीं बनाने दिया जाता। हम अपने शिक्षक स्वयं क्यों नहीं हो सकते।

अगर स्कूल में टाट-पट्टी है तो उसका क्या मतलब है। यह बात एक बार पूछी गई थी शिक्षकों से। किसी ने जब ठीक से जवाब नहीं दिया तो लेखक को कहना पड़ा कि टापट्टी एक प्रकार से एक व्यवस्था है। इससे बच्चे पंक्तिबद्ध होकर अपने आप बैठना सीख जाते हैं। आज पंक्तिबद्ध कोई एकमात्र उदाहरण नहीं है। अब तो समूहों में अलग-अलग बैठकर सीखा जा सकता है। अनावश्यक अनुशासन भी सीखने में बाधक होता है। सीखने की प्रक्रिया में बैठना, खड़े होना, खेलना भी महत्त्वपूर्ण है। जब बच्चों को अनावश्यक अनुशासन से बांधा जाता है तो उनमें सीखने के प्रति विरोध पैदा होता है जिसे अंग्रेजी में 'रेज़िस्टेंस टु लर्निंग' कहा जाता है। इसलिए शिक्षक को अपने शिक्षाविदों और प्रशिक्षकों से यह पूछना चाहिए कि सीखने में अनुशासन भी अवरोध क्यों और कैसे बनता है? अनुशासन कहाँ और कितना चाहिये और कहाँ अनावश्यक अनुशासन न हो।

शिक्षा चाहे स्कूल, कॉलेज में हो या प्रशिक्षण संस्थाओं में, हमारे देश में बच्चों और शिक्षकों को गूंगा रखने की शिक्षा दी जाती है जिसे पाउले फ्रेरे, मौन या 'सन्नाटे का शिक्षाशास्त्र' कहते थे। शायद स्कूलों को बेजान देखकर और प्रश्न या जिज्ञासा रहित देखकर ही इवान इलिच ने स्कूल भंग कर देने की बात सोची थी फिर चाहे वह स्कूल आम शिक्षा के स्कूल जैसा हो या

हमारे मानस में बसा विचार का स्कूल।

राष्ट्रपति अब्दुल कलाम कहते हैं कि हमेशा ऊँचा उद्देश्य सामने रखो और छोटा उद्देश्य रखना एक प्रकार का अपराध है। गांधी जी की प्रसिद्ध पुस्तक 'हिन्द स्वराज्य' में प्रश्न ही प्रश्न हैं और गांधी जी के उत्तर हैं। महान् दर्शनिक जे. कृष्णमूर्ति की अधिकांश पुस्तकें प्रश्नोत्तरों में ही हैं। जान होल्ट की किताब 'बच्चे फ़ेल कैसे होते हैं में एक सोलह महीने की बच्ची की जिज्ञासा और प्रयत्नों की ऐसी शृंखला है कि आगे चलकर पूरी शिक्षा ही जिज्ञासा और कौतूहल से भर जाती है। हर शिक्षक अपने प्रश्न स्वयं क्यों नहीं खोजे? हर बच्ची या बच्चा स्कूल में आते वक्त बस्ते में किताबों का बोझ लेकर आने के बजाए प्रश्नों के खेल लेकर क्यों न आए? शिक्षक जब प्रशिक्षण में जाते हैं तो वे यह क्यों नहीं पूछते कि हमारे उन बच्चों का शिक्षाशास्त्र क्या होगा जो प्रश्न ही प्रश्न करते हैं? हमारे उस प्रौढ़ समाज का शिक्षाशास्त्र क्या होगा जिनको प्रश्न करना आ गया है?

प्रश्न करना उतना सरल नहीं है जितना कहा जाता है। प्रश्न सही हो, उसकी भाषा सही हो, वह स्पष्ट हो और उसे वाक्य बनाकर कहा जा सके यह भी सीखने की बात है। कई अध्यापक स्कूल से कॉलेज तक पहुँचने पर एक दी गई स्थिति में चार प्रश्न भी सही ढ़ंग से नहीं बना पाते। इसलिए प्रशिक्षण में सही प्रश्न बनाने का अभ्यास भी कराया जाना चाहिए। कोई प्रशिक्षण जब शिक्षक को यह बताता ही नहीं कि पाठ्यक्रम कैसे बनाया जाता है, पुस्तकें बनाने का क्या तरीका है तो फिर शिक्षक कभी यह जान ही नहीं पाते कि पाठ्यक्रम क्या है, क्यों है और पुस्तकें पाठ्यक्रम पर ही क्यों बनती हैं?

शिक्षा में प्रश्न एक अनिवार्यता है। जो शिक्षक प्रश्न बनाना या करना सीख जाते हैं वे उत्तर खोजना भी सीख लेते हैं और वैसा ही अपने बच्चों को सिखा भी सकते हैं। अधिकांश शिक्षा महाविद्यालयों और प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रश्न करने पर पाबंदी होती है। इस कारण पूरे प्रशिक्षण काल में शिक्षक डरे-डरे रहते हैं और कई बार अधिक प्रश्न करनेवाले शिक्षक को प्रशिक्षण में प्रश्न पूछने का दंड श्रेणी गंवाकर या फ़ेल होकर चुकाना पड़ता है। प्रश्न तो एक शब्द का भी हो सकता है और कभी एक प्रश्नवाचक चिंह भी पूरे प्रश्न का प्रतीक बन सकता है। प्रश्न खीज की ओर ले जाते हैं, चुनौती देते

हैं और साहसी बनाते हैं। प्रश्न तो चेतना के द्वारपाल हैं।

आजकल तो प्रश्न बैंक भी बनाए जाने लगे हैं। प्रश्न बैंक एक प्रकार का बैंकिंग सिस्टम है जिसमें शिक्षक और बच्चे मिलकर प्रश्न जमा करें ओर उन्हें जब जैसे प्रश्नों की ज़रूरत हो वे विषयवार वे प्रश्न उसमें से बैंक के पैसों के समान ड्रॉ कर लें। मगर इन प्रश्न बैंकों को भी हमारी व्यापार बुद्धिऔर परीक्षातंत्र ने मिलकर एक प्रकार की कुंजी बना दिया और प्रश्नपत्रों को परीक्षा के लिए बनाने का इन्हें एक सरल आधार या उपाय मान लिया गया

आप अगर प्रश्न करना सीख जाते हैं तो किसी लेखक से साक्षात्कार ले सकते हैं; किसी भी बड़े नेता, अभिनेता, वैज्ञानिक, कलाकार, विशेषज्ञ आदि से सवाल कर सकते हैं और उनसे वे बातें जान सकते है जो आपको न स्कूल या प्रशिक्षण संस्थाएँ बता सकती हैं और न ही शिक्षक या पुस्तक।

युधिष्ठिर के जब सारे भाई एक तालाब पर पानी पीते वक्त मर गए तो युधिष्ठिर उन्हें खोजने निकले। वे जब तालाब पर पहुँचे तो उन्हें अपने भाइयों के शव दिखाई दिए। जब वे शवों को उठाने को हुए तो आकाशवाणी हुई और एक यक्ष ने कहा कि पहले आपको मेरे प्रश्नों के उत्तर देने होंगे तब आप इन शवों को ले जा सकते हैं। युधिष्ठिर ने एक-एक करके सब प्रश्नों के सही जवाब दे डाले।

उनके पास इतना ज्ञान स्वयं प्रश्न करके हो गया था कि वे हर प्रश्न का सही उत्तर बता सके। इससे यक्ष प्रसन्न हुए और पांडव ज़िन्दा हो उठे। यह कथा बताती है प्रश्न वह ताकत है कि अगर वह सही ढंग से पूछे जाएँ तो मुर्दा व्यक्ति भी ज़िन्दा हो सकते हैं।

इसलिए ज़रूरत है कि आज हमारी शिक्षा में सवालों का शिक्षाशास्त्र पैदा हो। सवाल करने वाला समाज, और लोकतन्त्र का रक्षक होता है। सवाल करने वाला समाज नेता या राजा को निरंकुश नहीं बनने देता, सत्ता को नियंत्रणविहीन नहीं होने देता और ऐसे समाज की आज़ादी सुरक्षित रहती है। इसलिए आज हमें चाहिए सवालों का शिक्षाशास्त्र जिससे एक ऐसे समाज का उदय हो जो लोकतंत्र की चेतना और मनुष्य की मुक्ति का समाज हो। ●

- 276, एल.आई.जी. कटरा, भोपाल (म०प्र०)

मन की खुराक है - हँसी

❑ लाफ़्टर मास्टर जितेन कोही

शाहुमल अपने पाँच ऊँटों को साथ ले शहर जा रहा था। रास्ते में रात हो गई। गाँव के पास छोटी सी सराय देख, वो वहीं रुक गया। अपने ऊँटों को वहीं सराय के बाहर लगी सांकलों के साथ बांध दिया, पर एक ऊँट को बांधने के लिए रस्सी कम पड़ गई। शाहूमल बड़ा चिंतित हुआ, यदि ऊँट को रस्सी से खूँटे के साथ बांधा न गया तो कहीं रात में इधर-उधर न चला जाए।

सराय वाले ने उसकी चिंता देख कर कहा, ''आप कुछ न करें। बस रोज़मर्रा की तरह रस्सी बांधने का नाटक कर दें। ऊँट कहीं नहीं जाएगा।'' शाहुमल ने वही किया। ऊँट के पैर के चारों तरफ़ रोज़ की तरह रस्सी बांधने का अभिनय सा कर दिया मानो उसे खूँटे से बांध दिया हो। रात भर चिंता के मारे शाहुमल को ठीक से नींद नहीं आई। सुबह तड़के उठकर सबसे पहले बाहर निकल निगाह डाली। देखा पाँचों ऊँट चुपचाप विश्राम कर रहे थे। उसके मन को बड़ी शान्ति मिली। नित्यकर्म से निबट, सराय वाले का धन्यवाद कर उसने चारों ऊँटों की रस्सी खोली और चलने को बढ़ा। चारों ऊँट तो उठकर खड़े हो गए लेकिन पाँचवाँ ऊँट न उठा। उसने दो-चार बार हुंकारा पर पाँचवाँ ऊँट न उठा। सराय वाला सब नजारा देख रहा था, बोला, ''हुज़ूर। आपने इसकी रस्सी तो खोली ही नहीं। ये उठेगा कैसे!''

शाहुमल को बात समझ में आई। उसने तुरंत पाँचवें ऊँट की भी रस्सी खोलने का अभिनय किया। ठीक वैसे जैसे अन्य चारों ऊँटों की रस्सी खोली थी। उसके ऐसा करते ही ऊँट उठकर खड़ा हो गया। ऊँट मन की डोर से बंधा था। मन की डोर सबसे मज़बूत है। जब उसका मन ही बंध गया तो बाकी कुछ बंधे या नहीं कोई फ़र्क नहीं पड़ता। आदमी शरीर से ज़्यादा मन की ताकत से काम करता है। मन में यदि विश्वास, उमंग, उत्साह हो तो

मुश्किल काम भी आसान हो जाता है। आदमी आज चाँद पर पहुँचा, एवरेस्ट पर चढ़ा। शरीर की ताकत से नहीं मन की ताकत से। कोई बहुत डीलडौल वाला ताकतवर आदमी, डब्ल्यू-डब्ल्यू-एफ़ की कुश्ती का पहलवान तो एवरेस्ट पर नहीं चढ़ा न? एवरेस्ट पर वहीं पहुँचे जिसके मन में इतना विश्वास इतना साहस, प्रेरणा, उत्साह, उमंग, शक्ति थी। आंतरिक शक्ति में इतनी ऊर्जा है कि असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है।

मन की इसी आंतरिक शक्ति ऊर्जा, उमंग, उत्साह के बल पर मानव ने बड़े-बड़े आविष्कार किए हैं। 'मन' हमारे मस्तिष्क का वह सूक्ष्म हिस्सा है, जिसमें भावनाओं का प्रवाह रहता है। अच्छे व बुरे भाव, सकारात्मक व नकारात्मक भाव, उत्साह-हताशा भाव, खुशी व दु:ख के भाव इत्यादि। अब सवाल ये है कि इस 'मन' की पौष्टिकता कैसे बढ़े? 'मन' का शुद्धीकरण कैसे हो? हम अपने शरीर को तो पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन की खुराक देते हैं। फल-दूध, हरी सब्जियाँ, विटामिन इत्यादि लेते हैं। लेकिन मन को क्या देते हैं? चिन्ताओं का सूप, परेशानियों से उपजी हताशा का जूस, ईर्ष्या-द्वेष, नफ़रत-ग्लानि और इन सबके कारण उपजी असंतुष्टि का ज़हर। मन की खुराक है, हँसी। हँसने से मन की शक्ति, ऊर्जा, उत्साह, उमंग सभी कुछ बढ़ता है। प्रसन्न रहने से एक खुशनुमा भाव उत्पन्न होता है जो मन को हल्का कर पाज़िटिव एनर्जी देता है। **हँसने से जो एक खुशनुमा एहसास उत्पन्न होता है वह हमारे शरीर में इस तरह के रस पैदा करता है जिससे तनाव बढ़ाने वाले हारमोन्स कम होते है। हँसने वाले व्यक्ति का दृष्टिकोण ही बदल जाता है।** रोते हुए व्यक्ति (मन से रोने वाले) को यदि आप फूलों के बाग में भी ले जाओ तो उसकी निगाहें फूलों पे नहीं, उनके नीचे उगे कांटो पर ही जाएँगी। उसे नीचे गिरे-पड़े हुए मुरझाए फूल ही दिखेंगे और हँसने वाला व्यक्ति वीराने में भी आनंद के अवसर ढूंढ़ लेगा।

कई बार हम किसी समारोह-कार्यक्रम में किसी व्यक्ति से मिलते हैं और कहते हैं कि मैं फलां आदमी से मिला। बड़ा हँसमुख इंसान था। मिलकर आनंद आ गया। क्योंकि हँसने वाला व्यक्ति तो हँसी बांटेगा, आनंद ही देगा। जिसके पास जो है वही तो देगा। दु:खी व्यक्ति दु:ख देगा। निराश व्यक्ति निराशा फैलाएगा।

हँसी तो इत्र के समान है। जिसे आप दूसरों पर छिड़केंगे तो उसकी सुगंध के कुछ छींटे आप तक भी ज़रूर आएंगे। यदि आप दूसरों को हँसी देगे तो आपकी जिंदगी में भी हँसी फैलती चली जाएगी। हँसी सामूहिकता का दूसरा नाम है। आप अकेले रो तो सकते हैं पर अकेले हँस नहीं सकते। हँसने के लिए आपको साथी चाहिए। अकेलापन दूर होगा तो मन पर छाया विषाद भी मिटेगा। आप प्रात: काल उठकर सबसे पहले आँखें बंद कर चेहरे पर प्रसन्नता का भाव लाऐं और मन में दोहराएँ ''आज का दिन बेहद सुन्दर और खुशगवार है।'' फिर अपने अंदर एक विश्वास भर कर आँख खोलें और ज़ोर से ठहाके लगाएँ। देखें कैसे मन में ऊर्जा और उमंग का संचार होगा।

हम अपने शरीर की मैल को तो रोज़ साबुन से रगड़-रगड़ कर निकाल देते हैं लेकिन मन की मैल। मन की मैल है-नकारात्मक भाव। ईर्ष्या-द्वेष-ग्लानि-नफ़रत सब उसी नकारात्मक भाव की प्रतिक्रिया मात्र हैं। नकारात्मक का अर्थ है-चीज़ों को नकारने का भाव। मन का शुद्धीकरण मन की सफ़ाई करनी है तो मन से तमाम नकारात्मक भावों को दूर कर, उसमें पॉज़िटिव ऊर्जा का संचार करें और इसका ज़रिया है हँसी। निर्मल-निश्छल-स्वस्थ हँसी। आपने मक्खी को देखा होगा। मक्खी मीठे पर भी बैठती है और गंदगी पर भी। इसी प्रकार हमारा मन है जिसमें अच्छे विचार भी आते हैं और बुरे विचार भी। जिस कार्य को करने की बात सोचने भर से आपके मन में उदासी का भाव जाग आता हो वह बुरा है। जिसके बारे में सोचने भर से आपके मन में प्रसन्नता एवं खुशी का संचार होता हो, वह अच्छा है। लेकिन मधुमक्खी को देखें, वो सिर्फ अच्छी चीज़ों पर बैठती है। फूलों पर, सुगंधित चीज़ों पर बैठती है। अपने मन को मक्खी से मधुमक्खी बनाएँ। ●

- 162, रामेश्वर नगर, आज़ादपुर-दिल्ली-110033



ग़रीबों की सवारी ग़रीबों का सहारा - रिक्शा

❑ राजेन्द्र कुमार

आज जब मैंने इन्द्रानगर जाने के लिए स्कूटर उठाया तो पता चला कि पेट्रोल बन्द नहीं हैं। मैं समझ गया पेट्रोल ओवर हो गया होगा। फिर भी पेट्रोल बन्द करके किक लगाने लगा किन्तु स्कूटर को स्टार्ट नहीं होना था तो नहीं हुआ। थक कर मैंने रिक्शे से जाने का निश्चय किया। अत: गेट के बाहर रैम्प पर खड़े होकर रिक्शे का इन्तजार करने लगा।

''नमस्ते साहब'', सुनकर मैं चौंक गया। देखा एक रिक्शे वाला सामने खड़ा था। ''कहाँ जायेंगे?'', उसने पूछा ''जाना तो है किन्तु तुम्हें कैसे मालूम?'' मैंने स्वाभाविक प्रश्न किया। ''हम रिक्शे वाले हैं। दिन भर यही काम करते हैं। जब किसी को रिक्शे की ज़रूरत होती है तो घर के बाहर रैम्प पर खड़े होकर इसी प्रकार कभी इधर, कभी उधर देखता है'' उसने किसी मनोवैज्ञानिक की भाँति समझाना चाहा

''इन्द्रानगर चलना है, क्या लोगे?''

''जो दे देंगे साहब''

''इसका क्या मतलब। यदि मैं कहूँ कि पाँच रुपये में चलो तो भी क्या तुम चलोगे'' मैंने तीखा सवाल किया

''बिलकुल चलूँगा साहब आइए बैठिये,'' कहकर वह रिक्शा मेरे पास ले आया।

दिन के दस बजे थे। फिर भी मुझे डर लगने लगा। इसने मुझे नमस्ते किया जो कोई रिक्शे वाला नहीं करता। फिर पाँच रुपये में लखनऊ के गोमतीनगर से इन्द्रानगर जाने के लिए तैयार हो गया जबकि साधारणत: दस रुपये में रिक्शा जाता है। फिर मैंने सोचा अधिक से अधिक दस रुपये ले लेगा। अत: मैं बैठ गया। चलते-चलते मैंने उसके व्यवहार का कारण पूछा। रिक्शे वाला बोला,

'आपने पहचाना नहीं। लगभग एक सप्ताह पहले आप गोमतीनगर के फ्लाईओर के पास आये थे। हम कई रिक्शे वाले वहीं पर थे। आपने हम लोगों से हमारे व रिक्शे के बारे में बहुत सी बातें पूछ कर एक डायरी में नोट की थीं। आप ने कहा था कि आप रिक्शे व रिक्शे वालों के बारे में कुछ लिखने जा रहे हैं। आप हम लोगों के लिए इतना कर रहें हैं तो क्या हमें आप के लिए कुछ भी नहीं करना चाहिये। आप को सम्मान तो देना ज़रूरी है।'

मैं उसकी बात सुनकर दंग रह गया। एक रिक्शे वाला इतना संवेदनशील हो सकता है, मैं सोच भी नहीं सकता था। हम इतने संवेदनहीन क्यों हो गये हैं। रोज़ रिक्शे का उपयोग करते हैं। किन्तु रिक्शेवाले के सुख दु:ख, उसकी समस्याओं के विषय में कभी नहीं सोचते। बातों-बातों में मैंने रिक्शे वाले से कुछ जानकारी और हासिल की। वह हाईस्कूल पास था। किन्तु हाईस्कूल पास करने के बाद ही उसके पिता का देहान्त हो गया। सारे परिवार का बोझ उसके ऊपर आ गया। मेहनत करके उसने भाईयों को पढ़ाया। वे नौकरी कर रहे हैं। किन्तु उसकी किस्मत में केवल रिक्शा चलाना लिखा है।

मैं सोचने लगा कम दूरी के लिए यातायात के साधनों में रिक्शा का उपयोग बहुतायत से किया जाता है। नगर या महानगर में रहने वाला कोई भी युवा या वृद्ध, स्त्री या पुरुष, धनी या निर्धन ऐसा नहीं होगा जिसने रिक्शे का उपयोग न किया हो। पत्रकार व लेखक अनेकों विषयों पर अपने विचार लिपिबद्ध करते रहते हैं। किन्तु रिक्शा व उसे चलाने वाला एक ऐसा समूह है जिसके विषय में शायद ही किसी ने अपने विचार प्रकट किये हैं।

रिक्शा मूल रूप में जापानी भाषा के शब्द 'जिंरिक्शा' से बना है। 'जिं' का अर्थ है मानव, रिकी अर्थात् शक्ति। 'शा' वाहन के लिए उपयोग में आता है। इस प्रकार 'जिंरिक्शा' का अर्थ है 'मानव शक्ति से चलित वाहन।' जापानियों द्वारा सन् 1868 में रिक्शे के आविष्कार का श्रेय प्राय: इजूमी योसूके, सुजुकी टोकूजीरो एवं टाकायामा कोसूके को दिया जाता है। सन् 1870 में टोकियो सरकार ने उन्हें रिक्शे का निर्माण करके चलाने का लाइसेन्स प्रदान किया। 1872 तक जापान में ऐसे लगभग 40,000 रिक्शे चलने लगे थे। इन रिक्शों में दो पहिये पीछे होते थे तथा आगे से एक व्यक्ति दौड़ते हुए रिक्शा खींचता था। कोलकता में अभी भी ऐसे रिक्शे चल रहे हैं।

मनुष्यों द्वारा खींचकर चलाये जाने वाले रिक्शे उन्नीसवीं तथा बीसवीं

शताब्दी के आरम्भ में उपयोग में आते थे किन्तु बाद में उनका स्थान साईकल रिक्शा ने ले लिया। विश्व के अनेक देश जैसे अमेरिका, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया, इटली, इन्डोनेशिया, सिंगापुर, मलेशिया, थाइलैन्ड, दक्षिणी अफ़्रीका, चीन, जर्मनी एवं वियतनाम आदि में भी रिक्शा उपयोग में आ रहे हैं। किन्तु इन स्थानों में रिक्शे का उपयोग मुख्य रूप से पर्यटकों के लिए किया जाता है। इन रिक्शों में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए विभिन्न प्रकार की सजावटें की जाती हैं।

भारत में सर्वप्रथम सन् 1880 के आसपास शिमला में रिक्शे का उपयोग प्रारम्भ हुआ। इसके लगभग बीस वर्ष बाद कोलकाता में रिक्शे प्रारम्भ हुए। अब तो भारत के सभी नगरों एवं जहाँ सड़के बन गई हैं ऐसे ग्रामों में रिक्शे का उपयोग बहुतायत से किया जाता है। बड़े-बड़े नगरों में रिक्शा चालक मुख्यत: ग्रामीण होते हैं। गांवों में रोज़गार के साधनों की कमी होने के कारण प्राय: श्रमिक नगरों व महानगरों में रोज़गार की तलाश में जाते हैं। वहाँ रोज़गार न मिलने पर किराये पर रिक्शा लेकर चलाते हैं जिससे उनकी जीविका चल पाती है।

रिक्शा के सम्बन्ध में कुछ तथ्य

- ★ सम्पूर्ण भारतवर्ष में 70 लाख से अधिक सवारी रिक्शा तथा 40 लाख माल रिक्शाएँ चलती हैं।
- ★ औसतन एक रिक्शा 15 से 40 तक फेरे लगाती है एवं 20 से 50 किलो मीटर की दूरी तय करती है।
- ★ ये रिक्शाएं हमारे देश की 3 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या की जीविका का साधन हैं। इस पर सरकार का कुछ भी खर्च नहीं होता।
- ★ सम्पूर्ण विश्व में 40 देशों से भी अधिक में रिक्शाओं का उपयोग किया जाता है।
- ★ बंगला देश की राजधानी ढाका में दुनिया में सबसे अधिक रिक्शाएं हैं एवं इसे रिक्शाओं का शहर कहा जाता है।

यातायात के साधनों में रिक्शा सबसे सस्ता वह प्रदूषणरहित साधन है। किन्तु वर्तमान युग में तीव्रगति वाले यातायात के साधनों की आवश्यकता है। धीमीगति के कारण रिक्शा उनका स्थान नहीं ले सकता। इसके अतिरिक्त

मुख्य सड़कों पर चलने पर रिक्शे तीव्र गति के वाहनों की गति में अवरोध उत्पन्न करते हैं। अशिक्षित होने के कारण रिक्शा चालकों को यातायात के नियमों का भी ज्ञान नहीं होता। इसीलिए दिल्ली, मुम्बई आदि महानगरों में मुख्य सड़कों पर रिक्शा द्वारा यातायात प्रतिबन्धित कर दिया गया है।

इन कमियों के होते हुए भी रिक्शे में हानि की अपेक्षा लाभ आज भी अधिक है। छोटे व बड़े नगरों में आज भी ऐसी पुरानी बस्तियाँ हैं जहाँ की सड़कें बहुत कम चौड़ी हैं। इनमें निवास करने वाले लाखों लोगों को प्रतिदिन अपनी जीविका के लिए बस या ट्रेन से जाना पड़ता है। इन बस्तियों की गलियों में पहले तो आटोरिक्शा चल नहीं पाते तथा यदि जाते भी हैं तो वे पर्यावरण को बहुत अधिक दूषित करते हैं। नई कालोनियों में भी लाखों लोग निवास करते हैं। इन लोगों के लिए भी बस स्टाप व रेलवे स्टेशनों तक पहुँचने के लिए सस्ता, सुलभ व पर्यावरण को दूषित न करने वाला साधन रिक्शा के अतिरिक्त अन्य कुछ भी नहीं है। इसके अतिरिक्त यह लाखों लोगों की जीविका का साधन भी हैं। एक पुरानी कहावत है ''जहाँ काम आवे सुई कहा करे तलवार''। उसी प्रकार जहाँ रिक्शे की आवश्यकता है वहाँ टैक्सी या बस से काम नहीं चल सकता।

रिक्शे की उपयोगिता का अनुमान इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि उनकी संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। एक अनुमान के अनुसार दिल्ली में ही रिक्शों की कुल संख्या लगभग दस लाख है जिनमें से केवल 10,000 ही लाइसेन्स धारी हैं, शेष बिना लाइसेन्स के चल रहे हैं।

इस प्रकार आज के युग में भी रिक्शे के महत्व से इंकार नहीं किया जा सकता किन्तु फिर भी न तो रिक्शे की सवारी को अधिक आरामदायक बनाने के लिए सुधार का कोई प्रयत्न अभी तक किया गया और न ही रिक्शे में ही ऐसा सुधार लाया गया जिससे रिक्शा चालक को कम से कम श्रम करना पड़े। रिक्शा चालक के जीवन स्तर में भी सुधार लाने की आवश्यकता है जिससे वे अच्छी से अच्छी सेवा प्रदान कर सकें किन्तु दुर्भाग्य वश सरकार द्वारा इस दिशा में कोई कार्य नहीं किया गया।

रिक्शों तथा रिक्शा चालकों की वर्तमान दशा का आकलन करने के लिए मेरे द्वारा लगभग 150 चालकों का सर्वेक्षण किया गया। इसमें ज्ञात हुआ कि केवल दस प्रतिशत रिक्शा चालक ही स्वयं रिक्शे के मालिक हैं। शेष किराये

पर लेकर रिक्शा चलाते है व प्रतिदिन 20 से 25 रुपये तक किराया अदा करते हैं। रिक्शे के स्वामी वही हैं जो दस वर्ष या इससे अधिक समय से रिक्शा चला रहे हैं। अधिकांश रिक्शाचालक एक कमरा किराये पर लेकर तीन या चार व्यक्ति उसी में रहते हैं व रिक्शा चलाते हैं। शायद ही कोई रिक्शा चालक अपने परिवार को अपने साथ रखता हो। एक रिक्शा चालक ने, जो लगभग बीस वर्षों से रिक्शा चला रहा था, बताया कि उसके पास स्वयम् का रिक्शा है। उसने अपना नाम रामचरण बताया तथा यह कहा कि वह सागर (मध्य प्रदेश) का निवासी है। उसने यह भी प्रयत्न किया कि रिक्शा खरीद कर किराये पर चलाये। उसने स्थानीय रूप से तीन प्रतिशत प्रतिमाह की दर से कर्ज़ भी लिया। उसने जिन लोगों को रिक्शा किराये पर चलाने के लिए दिया उनमें से एक उसका अपना भाई तथा शेष उसके परिचित विश्वस्त व्यक्ति थे। उनसे रिक्शा चोरी चले गये। शायद पर्याप्त ज्ञान न होने के कारण उसके साथ यह घटना घटी व वह अपने जीवन स्तर में कोई सुधार नहीं ला सका।

अधिकांश नगरों में चलने वाले रिक्शे लगभग एक समान हैं। केवल कुछ नगरों में रिक्शा निर्माताओं ने स्थानीय आवश्यकताओं को देखते हुए कुछ परिवर्तन किये हैं। किन्तु यह भी उनमें सुधार लाने के दृष्टिकोण से नहीं किये गये। रिक्शों में धूप या पानी से बचाव की कोई व्यवस्था नहीं होती। पाइप का उपयोग करके रिक्शे को हलका बनाया जा सकता है। उसमे यदि गियर की व्यवस्था की जाये तो रिक्शा चालक कम श्रम में रिक्शे को अधिक गति प्रदान कर सकता है।

सेन्टर फ़ार रूरल डेवलपमेन्ट (सी.आर.डी.) नामक एक गैर सरकारी संस्था (एन.जी.ओ.) द्वारा गुवाहाटी में रिक्शा व रिक्शा चालकों की दशा में सुधार लाने के लिए प्रशंसनीय कार्य आरम्भ किया गया है। संस्था द्वारा रिक्शा बैंक योजना आरम्भ की गई है। उसका सदस्य होने पर रिक्शा चालकों को रिक्शा दिया जाता है तथा 25/- रु. प्रतिदिन के हिसाब से ऋण की अदायगी होती है। पूरा अदा किये जाने पर रिक्शा चालक रिक्शे का मालिक हो जाता है। रिक्शा बैंक द्वारा रिक्शा, रिक्शा चालक तथा सवारी का बीमा भी किया जाता है। इसी प्रकार की व्यवस्था यदि अन्य नगरों में भी की जा सके तो रिक्शा एक महत्वपूर्ण यातायात के साधन के रूप में विकसित हो सकता है व रिक्शा चालक भी समाज में सम्मान का स्थान प्राप्त कर सकते हैं। ●

- 2/354, विकास खंड, गोमती नगर, लखनऊ

राष्ट्र जीवन की विसंगतियाँ

❑ **विष्णु प्रकाश पांडेय**

भारत वर्ष विविध भाषा, पन्थ और परम्पराओं का देश है। आर्यों के इस देश में अनादिकाल से प्रवाहित होने वाली वैदिक संस्कृति इसकी मूल पहचान है। कालान्तर में भले ही इसकी समृद्धि को विदेशी आक्रान्ताओं ने लूटा खसोटा है, लेकिन जब-जब इन आतताइयों न इस देव-भूमि में प्रश्रय लेना चाहा तो भारत के पुत्रों ने अपनी सहिष्णुता के कारण उन्हें और उनकी संस्कृति को भी आत्मसात कर लिया। जड़-चेतन सभी में उस आदि सत्ता का वास मानने वाला भारत, सभी के लिए शान्ति की प्रार्थना करता है। सम्पूर्ण वसुधा को कुटुम्ब के रूप में देखता है और सभी के कल्याण की कामना करता है। धृति क्षमा दमोऽस्तेयं..... जैसे दस मानवीय गुणों से युक्त मानव धर्म ही जिसकी आचार संहिता हो और इस भारत-भूमि को मातृ-भूमि मानकर इसकी रक्षा के निमित्त अपना सर्वस्व अर्पण करने की भावना ही जहाँ बलवती हो, ऐसा भारत आज किंकर्त्तव्य विमूढ़ता की स्थिति में पहुँच गया है। जिस देश की राजसत्ता धर्म के दण्ड से संचालित होती थी, आज वही 'धर्म' विपरीत हो गया है। जिन विदेशी आततताइयों के प्रति हम सहिष्णु और सहदय बने रहे, आज उनके अनुयायी इस देश की संस्कृति, सम्मान और राष्ट्रीयता से विमुख होकर आपने अस्तित्व को पुनः कायम करने का सम्भ्रम पाले हुए हैं और उसके लिए वे राष्ट्र की मुख्यधारा से विलग होकर राष्ट्र विरोधी कृत्य करने से भी नहीं चूकते। ऐसा नहीं कि उसकी अनुभूति इस देश की राजसत्ता को न होती हो, लेकिन 'वोट' के मोह में धृतराष्ट्र बनी देश की राजसत्ता, उनके राष्ट्र विरोधी कृत्यों पर अंकुश लगाने क ी बजाय, उन्हें राज्याश्रय प्रदान कर, अधिक से अधिक सहूलियतें देना ही, अपना राष्ट्रीय कर्त्तव्य मान रही है।

इसी प्रकार सामाजिक स्तर पर भौतिकवाद के अंधड़ ने भारत की पारिवारिक व्यवस्था को ध्वस्त किया तो पाश्चात्यवाद की पछुआ हवाएं हमारी भाषा और संस्कृति को उड़ा ले गयीं। परिवार में दादा-दादी, चाचा-चाची, बुआ, मामा, मौसी जैसे भाव प्रवण रिश्ते ही समाप्त हो गये, जिसके कारण

भारतीय परिवार की समेकित शक्ति प्रभावित हुई और परिवार से मिलकर बनने वाली हमारी सामाजिक इकाई कमज़ोर हो गयी। व्यवहार में विदेशी भाषा (अंगेज़ी) के चलन से, निजभाषा (मातृभाषा) से पैदा होने वाला स्वत्व का बोध ही समाप्त हो गया। पाश्चात्य संस्कृति के प्रवाह से हमारे रीति-रिवाज और वेश-भूषा आदि इस कदर प्रभावित हुए हैं कि अब स्त्री-पुरुष के बीच की मर्यादा के साथ-साथ हमारी अपनी परम्पराएं भी एक-एक कर चुकने लगी हैं। भारत में जहाँ पारम्परिक रूप से मनाये जाने वाले भाई-बहिन के निश्छल और पवित्र प्रेम के प्रतीक 'रक्षाबन्धन' पर्व की मर्यादा और गरिमा, पाश्चात्यवादी माँसल प्रेम के पर्व 'वेलेन्टाइनडे' के समक्ष समाप्त होती जा रही है वहीं पाश्चात्य नव-वर्ष की निशाचरी धूम ने, नवसंवत्सर के शुभ प्रभात को धूमिल कर दिया हैं

परिवार, समाज और राष्ट्र को जीवन्त बनाने वाली इकाई व्यक्ति है, वह राष्ट्र जीवन का मूलाधार है। आज व्यक्ति का चरित्र, चिन्तन और आचरण मर्यादाच्युत हो रहा है। व्यक्ति का निर्माण करने वाली शिक्षा भी देश की राजनीति के कुचक्रों का शिकार होकर अध:पतन की ओर अग्रसर है। अब तो शिक्षा के माध्यम से देश की संस्कृति और इतिहास को ही विकृत किया जाने लगा है। शिक्षा के मूलाधार नैतिक शिक्षा (Moral Education) को स्कूली पाठ्यक्रम से लगभग निष्कासित कर दिया गया है और यौन शिक्षा (Sex Education) को स्कूली शिक्षा (प्राथमिक से उच्चमाध्यमिक स्तर तक) का अनिवार्य और महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने की तैयारी हो रही है। वर्तमान में हमारे देश का भौतिक परिवेश और पाठ्यक्रम, बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के लिए अंग्रेजीदा नौकर देने में तो तत्पर दिखाई दे रहा है लेकिन देश के लिए आचरणवान् संस्कारित और अनुशासित युवा पीढ़ी के निर्माण में सक्षम नहीं हो पा रहा है।

सम्पूर्ण भारतीय समाज का विभिन्न पन्थों, सम्प्रदायों और जातियों के खेमों में बंट जाना, राष्ट्र जीवन की एक अन्य त्रासदी है। कर्म आधारित वर्ण व्यवस्था, जब जन्म आधारित जाति व्यवस्था में परिणत हुई तो समाज में ऊँच-नीच का जातिगत भेद भाव पैदा हुआ। इसी तरह विभिन्न मत मतान्तरों के बीच पनपने वाले अनेक पन्थों, पूजा पद्धतियों और आस्थाओं के बीच का द्वन्द्व भी इस देश की एकता अखण्डता और राष्ट्रीयता को चुनौती दे करके, राष्ट्र को पंगु बनाने का कार्य कर रहा है। समुदाय विशेष की पान्थिक चेतना से, राष्ट्र चेतना कुण्ठित हो गयी है। अब पन्थ मानव समाज और राष्ट्र दोनों

से ऊपर माना जा रहा है। देश में व्याप्त आतंकवाद और चारों ओर होने वाले विप्लव के मूल में यही पान्थिक अवधारणा है।

देश की राजनैतिक, सामाजिक, शौक्षिक और पान्थिक अवधारणा में सामान्य सी दीखने वाली ये विसंगतियाँ, हमारी सांस्कृतिक और सामाजिक एकता को कितना आघात पहुँचा रही हैं, इसका अनुमान व्यक्ति की आत्मकेन्द्रित स्थिति, पारिवारिक निरीहता, अकेलेपन के बोध और विखरते सामाजिक परिवेश से लगाया जा सकता है। इन सबका समेकित प्रभाव हमारी राष्ट्रीय एकता पर भी देखने को मिलता है। आज व्यक्ति स्तर पर राष्ट्रीयता का बोध ही समाप्त हो गया है। अकेलेपन के भाव बोध से व्यक्ति मात्र के अन्दर भय और असुरक्षा का भाव इस सीमा तक व्याप्त हो गया है कि अब वो समाज और राष्ट्र के लिए कोई भी जोखिम भरा कदम उठाने का साहस नहीं कर पाता। उसका फ़ायदा जहाँ एक ओर समाज के बीच पनपने वाले असामाजिक तत्व उठाते हैं वहीं राष्ट्र विरोधी शक्तियाँ भी निश्चिन्त् होकर अपना काम करती रहती हैं। निश्चित् रूप से यह हमारे राष्ट्र जीवन के लिए विडम्बनापूर्ण स्थिति है।

